

क्वांर माह और चैत्र माह के अलावा दो और नवरात्रि गुप्त रूप से मनाई जाती हैं, जो आषाढ़ माह और माघ महीने में आती है। आज 11 जुलाई से गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हो रही है।


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें: WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 160- ● जबलपुर ● रविवार, 11 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -1 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


## करंट लगने से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

### छतरपुर जिले के महुआ झाला इलाके में टैंक खोलने पानी की टंकी में उतरे युवक को बचाने के चक्कर में हादसा

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के महुआ झाला इलाके में टैंक खोलने के लिए पानी की टंकी में उतरे युवक को करंट लग गया। परिवार के सदस्यों ने जब उसे करंट के कारण तड़पते हुए देखा तो बचाने के लिए दौड़ पड़े। युवक को बचाने के प्रयास में युवक सहित परिवार के 6 सदस्यों की करंट लगने से मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। जबकि शवों को पीएम के लिए डेडहाउस पहुंचा दिया गया है। उधर एक ही परिवार के छह लोगों की मौत के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। महुआ झाला निवासी लक्ष्मण अहिरवार के यहां पानी का टैंक बना हुआ था। टैंक में अंधेरा रहता था, इसलिए




पानी निकालने के लिए लाइट की व्यवस्था की गई थी। जिससे की पानी निकालने में कोई दिक्कत नहीं आए। सुबह आठ बजे जब परिवार का एक युवक पानी निकालने के लिए टैंक खोलने का प्रयास कर रहा था कि तभी उसे करंट लग गया। परिवार के सदस्यों ने जब युवक को करंट से तड़पते देखा तो उन्होंने युवक को पकड़कर खींचने का प्रयास किया, जिससे बाकी सदस्य भी करंट की चपेट में आ गए। इस घटना में लक्ष्मण अहिरवार पुत्र रमुआ उम्र 55 वर्ष ,शंकर अहिरवार पुत्र हल्ली अहिरवार उम्र 35 वर्ष, मिलन अहिरवार पुत्र हल्लू उम्र 25 वर्ष, नरेंद्र पुत्र जगन अहिरवार उम्र 20 वर्ष, रामप्रसाद पुत्र हल्ली अहिरवार उम्र 30 वर्ष,विजय पुत्र जगन अहिरवार उम्र 20 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल भी हुए हैं। घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद शवों को पीएम के लिए डेडहाउस पहुंचा दिया गया है। जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आईएसआईएस फंडिंग मामले में कई जगहों पर एनआईए की छापेमारी, हिरासत में संदिग्ध




**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, बारामुला और श्रीनगर में कई स्थानों पर आईएसआईएस फंडिंग मामले में एनआईए की छापेमारी चल रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है। अनंतनाग में एनआईए की कार्रवाई के दौरान एएसपी अनंतनाग भी मौजूद रहे। एनआईए की टीम ने अनंतनाग में छापेमारी के दौरान जावेद अहमद मीर पुत्र मोहम्मद शाबन मीर निवासी सुनसूमा उम्र 28 वर्ष, उमर भट पुत्र निसार अहमद भट निवासी मागरे मोहल्ला अचबल, ओवैस अहमद भट पुत्र निसार अहमद भट निवासी मागरे मोहल्ला अचबल, तनवीर अहमद भट पुत्र गुल मोहम्मद भट निवासी गोरीमोहल्ला अचबल और जीशान अमीन मलिक पुत्र मोहम्मद अमीन मलिक निवासी पुश्रू अचबल उम्र 22 वर्ष, को हिरासत में लिया है।

## क्विक अपडेट



### दैनिक मामलों में उतार-चढ़ाव जारी

**नई दिल्ली।** देश में महामारी की दूसरी लहर की रफ्तार अब कम होने लगी है। कोरोना के दैनिक मामलों में उतार-चढ़ाव जारी है। देश में बीते 24 घंटे में 41,506 नए मरीज मिले है और 895 की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले 42,766 नए मरीज मिले और 1206 की जान गई थी। वहीं कई राज्यों ने अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कई राज्यों में शॉपिंग मॉल, दुकानें, बाजार, जिम और रेस्तरां खोलने की इजाजत दे दी गई है। आईसीएमआरने बताया कि देश में शनिवार को कोरोना वायरस के लिए 18,43,500 सैंपल टेस्ट किए गए। इसके साथ ही अब तक कुल 43,08,85,470 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं।

### शिवराज ने कहा, कांग्रेस पिछड़े वर्ग के हितैषी होने का नाटक करती

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि काग्रेस के नेता पिछड़े वर्ग के हितैषी होने का नाटक करते हैं। भाजपा हमेशा कमजोर वर्गों के साथ रही है। पिछड़े वर्ग के आरक्षण के संबंध में जो भी प्रयास किए जा सकते हैं, हम हरसंभव कदम उठा रहे हैं। हम पिछड़ा वर्ग समेत सभी वर्गों के कल्याण के लिए कटिबद्ध हैं। जितना नुकसान कांग्रेस ने अनुसूचित जाति/जनजाति या पिछड़ा वर्ग का किया है, उतना कोई कर ही नहीं सकता। पिछड़ा वर्ग के वोटबैंक के लिए केवल अध्यादेश जारी कर दिया गया और बाद में इन्हीं ने स्टे करवा दिया। यदि पिछड़े वर्ग की चिंता थी तो ढंग से वर्कआउट करना चाहिए था।

### 14 या 14 जुलाई को आयेगा एमपी बोर्ड का रिजल्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं का रिजल्ट 14 या 15 जुलाई को रिजल्ट जारी होने की संभावना है। मंडल ने रिजल्ट की पूरी तैयारी कर ली है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस बार भी परीक्षा परिणाम ऑनलाइन घोषित किया जाएगा। दसवीं के परीक्षा परिणाम तैयार करने के संबंध में मंडल ने दिशा-निर्देश पहले जारी किए थे। इसमें नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक विद्यार्थियों की छमाही और प्री-बोर्ड व यूनिट टेस्ट एवं आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर रिजल्ट तैयार किया गया है। (देखें पेज 2 भी)

## कंधार में भारतीय दूतावास का आधा स्टाफ बुलाया वापस



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की वापसी और तालिबान के बढ़ते कब्जे को देखते हुए हिंसा की आशंका के चलते कंधार में भारतीय दूतावास बंद करने की खबरें आईं थीं, जिन्हें राजनयिक सूत्रों ने खारिज कर दिया है। राजनयिक सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार ने कंधार में अपना दूतावास बंद नहीं किया है। सुरक्षा कारणों से स्टाफ कम कर दिया है। दूतावास में आपातकालीन सेवाएं खुली रहेंगी। दूतावास को बंद करने की खबरें गलत हैं। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत ने कंधार में अपना दूतावास बंद कर दिया है।भारतीय वायुसेना की विशेष उड़ान से मिशन में तैनात कम से कम 50 राजनयिकों व आईटीबीपी के जवानों को दिल्ली लाया गया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया था कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है। आशंका है कि तालिबान कंधार को भी निशाने पर ले सकता है। यह शहर पहले आतंकी संगठन का मुख्यालय हुआ करता था। फिलहाल, काबुल में भारतीय दूतावास और बाल्ख प्रांत में मजार-ए-शरीफ पर दूतावास खुले हुए हैं। तालिबान ने धमकी दी है कि यदि हम चाहें तो मात्र दो सप्ताह में अफगानिस्तान को अपने नियंत्रण में ले सकते हैं।

## अफगान से आता था कच्चा माल मध्यप्रदेश में बनती थी हेरोइन



**नई दिल्ली।** नोटबंदी के बाद से आतंकी गतिविधियां चलाने वालों को फंड के लाले पड़ गए हैं। ऐसे में देश में आतंक को बढ़ावा देने के लिए पड़ोसी देश की कुख्यात जासूसी एजेंसी आईएसआई व खालिस्तानी समर्थकों ने नारको टेररिज्म का सहारा लिया है। इसके पीछे दोहरी साजिश है। पैसा जुटाकर देश में आतंक फैलाया जाएगा और नशा देकर युवा पीढ़ी को विनाश के रास्ते पर भेजा जाएगा। आतंकियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि ड्रग्स से पैसा जुटाने का खेल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से चल रहा है। यह पैसा देश में आतंक को बढ़ावा देने में इस्तेमाल किया जाता है। नशा अफगानिस्तान में तैयार किया जाता है। मादक पदार्थों को पाकिस्तान के रास्ते पीओके लाया जाता है या फिर ईरान के रास्ते भारत भेजा जाता है। बरामद 354 किलोग्राम हेरोइन का कच्चा माल ईरान के रास्ते भारत में आया था। देश में मादक पदार्थ बेचकर आतंकी खालिस्तान समर्थकों के लिए फंड भी जुटा रहे हैं।

### पार्किंग में छिपा रखी थी

गुरजोत और गुरप्रीत ने सोसाइटी की पार्किंग में खड़ी दो अलग-अलग कारों से 166 किलो और 115 किलोग्राम हेरोइन बरामद कराई। पुलिस के और सख्ती दिखाने पर दोनों ने अपने घर के एक बेड में गुप्त स्थान बनाकर छिपाकर रखी 70 किलो हेरोइन भी बरामद कराई।

### ईरान से समुद्रीय मार्ग से मुंबई पहुंच जाती है ....




जांच में पता चला है कि तस्कर अफगानिस्तान से वैध तरीके से आने वाले मेवे, खड़िया, जिप्सम पाउटर आदि सामानों के बीच में इसके कार्टन छिपा देते हैं, बाकी सामान के साथ कंटेनर में छिपाकर रखी गई अफीम आदि ईरान से समुद्री मार्ग से मुंबई पहुंच जाती है।मुंबई से अफीम व कच्चे माल को मध्य प्रदेश के शिवपुरी लाया जाता है। वहां बनी अस्थायी फैक्टरी में मध्य प्रदेश व दिल्ली की अलग-अलग दुकानों से खरीदे गए विभिन्न रसायनों की मदद से अफीम व बाकी मादक पदार्थों से हेरोइन तैयार कर ली जाती है। इसके बाद कुरियर की मदद से इसे भारत के अलग-अलग राज्यों में भेज दिया जाता है। पूछताछ के दौरान गुरप्रीत व गुरजीत ने बताया कि भारत में नारको टेररिज्म को नवप्रीत सिंह उर्फ नव पुर्तगाल से बढ़ावा दे रहा है। गुरप्रीत की उससे पंजाब की कपूरथला जेल में मुलाकात हुई थी।बाद में वह किसी तरह जेल से बाहर आया और विदेश भाग गया। वहां से लगातार मादक पदार्थों को बेचकर खालिस्तान के लिए फंड इकट्ठा किया जा जा रहा है।

## चित्रकूट में आरएसएस का चिंतन राम मंदिर ट्रस्ट में फेरबदल के कयास, चंपत राय से सवाल-जवाब




**चित्रकूट।** एक बार फिर आरोग्यधाम परिसर में शनिवार को संघ पदाधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट महामंत्री चंपत राय की बैठक हुई। उन्होंने मंदिर निर्माण के चल रहे कामों की जानकारी दी। संघ पदाधिकारियों ने मंदिर ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई जमीन पर उठे सवालों के बारे में राय से सवाल जवाब किए। कुछ ऐसी भी चर्चा है कि ट्रस्ट में कुछ फेरबदल भी किया जा सकता है। राष्ट्रीय चिंतन बैठक में शनिवार को द्वितीय सत्र में संघ प्रमुख की मौजूदगी में स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री व उसको बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। लघु उद्योग को मजबूत बनाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार मुहैया कराने पर विचार किया गया। बैठक में कहा गया कि देश की तरक्की के लिए एक जिला एक उत्पाद योजना अच्छी है। इसे धरातल पर लाने की जरूरत है। कहा कि फिरोजाबाद की चूड़ियां, अलीगढ़ का ताला, मेरठ के पीतल के बर्तन व खेल का सामान प्रसिद्ध हैं। खाद्य सामग्रियों को भी बढ़ावा देने की बात कही गई। चित्रकूट में बनने वाले लकड़ी के खिलौनों को लघु उद्योग के रूप में बढ़ावा देने की जरूरत बताई गई।

### संघ के लोगों को भोजन करा रहे दंपती

संघ की बैठक में आने वाले पदाधिकारियों को संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ उनकी पत्नी भी भोजन बनाने व परोसने का कार्य कर रही हैं। जिनकी सेवा विशेष रूप से ली जा रही है। दंपती मिलकर भोजन परोस रहे है। खास बात यह है कि कई प्रदेशों से संघ के पदाधिकारी आए हैं। उनके भोजन के लिए उसी प्रदेश के रहने वाले दंपती को लगाया गया है। सुबह 13 दायित्ववान कार्यकर्ता दंपती के साथ संघ के पदाधिकारियों को देसी परंपरा के तहत भोजन करा रहे हैं।

## योगी की जनसंख्या नीति से कई टेंशन में

### विश्व जनसंख्या दिवस पर आज से होगी लागू, लाखों लोग होंगे प्रभावित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ ही देर में नई जनसंख्या नीति 2021-30 जारी करेंगे। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास के लिए इसकी वृद्धि दर को नियंत्रित करना जरूरी है। सभी लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए जनसंख्या घनत्व को कम करना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि छोटा परिवार ही खुशहाली का आधार हो सकता है। सीएम योगी ने विश्व जनसंख्या दिवस पर कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या समाज में व्याप्त असमानता समेत प्रमुख समस्याओं का मूल है। समुन्नत समाज की स्थापना के लिए जनसंख्या नियंत्रण प्राथमिक शर्त है। उन्होंने इस विश्व जनसंख्या दिवस पर लोगों से जनसंख्या से बढ़ती समस्याओं के प्रति स्वयं व समाज को जागरूक करने का प्रण लेने की अपील की। बढ़ती हुई जनसंख्या समाज में व्याप्त असमानता समेत प्रमुख समस्याओं का मूल है।



### क्या है नई जनसंख्या नीति

नई जनसंख्या नीति में नवजात मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने की कोशिश होगी। 11 से 19 वर्ष के किशोरों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य के बेहतर प्रबंधन की व्यवस्था की जाएगी। नई नीति में गर्भ निरोधक उपायों की सुलभता को बढ़ाने, सुरक्षित गर्भपात की समुचित व्यवस्था देने, नपुंसकता- बांझपन की समस्या का समाधान करने, बुजुर्गों की देखभाल के लिए व्यापक व्यवस्था की जाएगी। नई नीति जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रयासों को तेज करने वाली होगी। जिन लोगों के दो से ज्यादा बच्चे होंगे, उन्हे कई सुविधाओं से वंचित होना पड़ सकता है। मसलन ऐसे लोग सरकारी नौकरी के आवेदन के लिए अपात्र माने जाएंगे, नौकरी में हैं तो कुछ लाभों से वंचित हो जाएंगे। न तो स्थानीय निकाय चुनाव लड़ सकेंगे और न ही किसी तरह की सब्सिडी मिलेगी। 77 सरकारी योजनाओं व अनुदान का लाभ भी नहीं मिलेगा।

## अर्से बाद थोड़ी और अनलॉक हुई दिल्ली शैक्षणिक संस्थानों को खोलने की अनुमति

### 50 प्रतिशत क्षमता के साथ ऑडिटोरियम या असेंबली हॉल की अनुमति

**नई दिल्ली।** राजधानी को धीरे-धीरे अनलॉक करने की प्रक्रिया जारी है। इसी बीच रविवार को दिल्ली सरकार ने अनलॉक-7 की गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। दिल्ली सरकार ने शैक्षणिक प्रशिक्षण के लिए स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में 50 प्रतिशत क्षमता के साथ ऑडिटोरियम या असेंबली हॉल की अनुमति दी है। अब ऐसी किसी ट्रेनिंग के लिए डीडीएमए की अनुमति नहीं लेनी होगी। अनलॉक-7 की गाइडलाइंस के अनुसार, दिल्ली पुलिस, आर्मी की ट्रेनिंग या



किसी संस्थान की स्किल ट्रेनिंग, कर्मचारियों की ट्रेनिंग और स्कूल कॉलेज से जुड़ी ट्रेनिंग भी शामिल हैं। आपको बता दें कि स्कूल या एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन के ऑडिटोरियम और असेम्बली हॉल एजुकेशनल ट्रेनिंग और मीटिंग के लिए 50 फीसदी क्षमता के साथ खुलेंगे। फिलहाल दिल्ली में सिनेमा हॉल, थियेटर, मल्टीप्लेक्स, बैंक्वेट हॉल, ऑडिटोरियम, स्विमिंग पूल, स्कूल, कॉलेज, स्पा और अम्यूजमेंट पार्क को खोलने की अनुमति नहीं है। द्रमालूम हो कि दिल्ली में निजी दफ्तर 50 फीसदी क्षमता के साथ सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक काम कर रहे हैं।

## तनातनी पर विराम! ट्विटर ने भारत में नियुक्त किया शिकायत अधिकारी



**नई दिल्ली।** भारत सरकार और माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर के बीच जारी तनातनी अब विराम लग सकता है। नए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों का पालन करने करते हुए ट्विटर ने भारत में अपना शिकायत अधिकारी नियुक्त किया है। विनय प्रकाश भारत में ट्विटर के शिकायत अधिकारी होंगे। कंपनी की वेबसाइट पर यह जानकारी दी गई है। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को ट्विटर कंपनी को नए आईटी नियमों का पालन करने को लेकर अमेरिका में अनुप्रमाणित शपथपत्र दायर करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया। साथ ही साफ किया कि वह माइक्रोब्लॉगिंग साइट को नियम के खिलाफ किसी तरह की सुरक्षा प्रदान नहीं की जा रही।

## हिंदू सेना का बवाल: गाजीपुर नाम की पट्टी पर पोती कालिख




**नई दिल्ली।** हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने रविवार सुबह पूर्वी दिल्ली के 'गाजीपुर रोड' के नाम की पट्टी पर कालिख पोत दी। कार्यकर्ताओं ने गाजीपुर रोड की जगह उसका नया नाम 'महर्षि बाल्मीकी मार्ग' रख दिया। हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने कहा है कि दिल्ली में अब किसी भी सड़क का नाम विदेशी आक्रांताओं के नाम पर होना स्वीकार नहीं किया जाएगा। दिल्ली सरकार जल्द से जल्द सभी सड़कों का नामकरण भारतीय शहीदों-समाज सुधारकों के नाम पर रखे। अन्यथा उसके कार्यकर्ता पूरी दिल्ली में विदेशी आक्रमणकारियों वाले नामों पर कालिख पोत देंगे। हिदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अमर उजाला से कहा कि गाजीपुर में 'गाजी' शब्द का अर्थ भारतीय सभ्यता और हमारे लोकतंत्र के अनुसार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म में 'गाजी' कहकर उस व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है जो काफिरों (यानी इस्लाम को न मानने वालों) का कत्ल करता है। चूंकि भारत जैसे देश में मुस्लिम के अलावा हिंदू, जैन, सिख, बौद्ध और ईसाई सभी रहते हैं, ऐसी सोच को उचित नहीं कहा जा सकता जो दूसरे धर्मों का सम्मान न करता हो।उन्होंने कहा कि उनके पूर्वी दिल्ली के कार्यकर्ताओं ने भगवान बाल्मीकी का सम्मान करते हुए इस सड़क का नाम भगवान बाल्मीकी मार्ग रखा है क्योंकि इस एरिया में बाल्मीकी समुदाय के लोग भारी संख्या में रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस नए नामकरण से बाल्मीकी समुदाय को सम्मान प्राप्त होगा।

## मध्यप्रदेश के कई संभागों में भारी बारिश होगी



**भोपाल।** चार वेदर सिस्टम के कारण मध्य प्रदेश में रविवार-सोमवार को तेज बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी जेपी विश्वकर्मा ने बताया कि सोमवार-मंगलवार को शहडोल, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, एवं इंदौर संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर बरसात होगी।






## 7 अरब 87 करोड़ 85 लाख से भी अधिक दुनिया का परिवार

### विश्व जनसंख्या दिवस



**वेब डेस्क।** दुनियाभर में बढ़ती जनसंख्या परेशानी का एक बड़ा कारण बन गई है। इसकी वजह से अशिक्षा, बेरोजगारी, भुखमरी और गरीबी अनियंत्रित होती जा रही है। वर्ल्डोमीटर्स के मुताबिक, इस समय दुनिया की कुल जनसंख्या सात अरब 87 करोड़ 85 लाख से भी अधिक है। हर दिन लाखों की संख्या में जनसंख्या बढ़ रही है। फिलहाल दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश चीन है, जबकि दूसरे स्थान पर भारत है। चीन की जनसंख्या जहां एक अरब 44 करोड़ से अधिक है, तो वही भारत की जनसंख्या एक अरब 39 करोड़ से अधिक है। हालांकि बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए परिवार नियोजन जैसे समाधान मौजूद हैं, लेकिन लोगों में इसकी जागरूकता की कमी है। दुनियाभर में इसी बढ़ती आबादी के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 11 जुलाई को वर्ल्ड पॉपुलेशन डे (विश्व जनसंख्या दिवस) मनाया जाता है। 11 जुलाई 1989 को संयुक्त राष्ट्र ने आम सभा में विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का फैसला किया था। दरअसल, साल 1987 तक दुनिया की जनसंख्या पांच अरब के पास पहुंच चुकी थी, जो चिंता का विषय बन गई थी। इसीलिए दुनियाभर के लोगों को बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाने की शुरुआत की गई। इस साल विश्व जनसंख्या दिवस 2021 की थीम कोविड-19 महामारी का प्रजनन क्षमता पर प्रभाव है। इस साल यह वैश्विक स्तर पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य और प्रजनन व्यवहार पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव पर अधिक प्रकाश डालने के लिए मनाया जाएगा। इस दिन पूरी दुनिया में जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए तरह-तरह से उपायों से लोगों को परिचित कराया जाता है। इसके अलावा परिवार नियोजन के मुद्दे पर भी बातचीत की जाती है।

## लखनऊ में भारी विस्फोटक के साथ अलकायदा का आतंकी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आतंकी संगठन अलकायदा का एक आतंकवादी भारी विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार किया गया है जबकि दुबग्गा इलाके की सीतेबिहार कॉलोनी में दूसरे की तलाश जारी है। एटीएस को यहां पर संदिग्ध आतंकवादी छुपे होने की जानकारी मिली थी। एटीएस ने शाहिद उर्फ गुड्डू और वसीम को गिरफ्तार कर अपनी गाड़ी में बैठा लिया है। अन्य लोगों से पूछताछ जारी है। शाहिद अपने परिवार के साथ दुबग्गा की सीता विहार कॉलोनी में रहता है। उसने पांच मकानों को किराए पर उठा रखा है। एटीएस को काकोरी थाना क्षेत्र के दुबग्गा स्थित एक घर मे संदिग्ध लोगों के छिपे होने की सूचना मिली। मामले की पड़ताल के लिए एटीएस की टीम ने छापेमारी की है। टीम घर के अंदर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है। एटीएस की टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद है। मामले में एक को हिरासत में लिया गया है। प्रेशर कुकर बम बरामद होने की सूचना है। मिली जानकारी के अनुसार, एटीएस ने मलिहाबाद निवासी शाहिद के गैराज पर छापा मारा है। घर के अंदर वसीम नाम का युवक मौजूद है।




# आ गये देवी जगदम्बा के गुप्त नवरात्र

जबलपुर,यशभारत। आज सर्वार्थ सिद्धि योग व पुष्य नक्षत्र में आषाढ़ के गुप्त नवरात्र प्रारंभ हुए। सर्वार्थ सिद्ध योग में शुरू हो रहे इन गुप्त नवरात्र में मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आई हैं। यह शुभ संकेत है। इन नवरात्र में मां कामाख्या की पूजा-अर्चना विशेष रूप से की जाती है। गुप्त नवरात्र में अघोरी एवं तांत्रिक साधना करने वाले दश महाविद्याओं को प्रसन्न करने के लिए पूजा करते हैं। गुप्त नवरात्र में मां कालिका, मां तारा, मां त्रिपुर सुंदरी, मां भुवनेश्वरी, मां छिन्नमस्ता, मां त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, माता बगुलामुखी, मां मातंगी तथा मां कमला देवी की पूजा की जाती है। आषाढ़ गुप्त नवरात्र में घटस्थापना सुबह 5.31 से 7.47 बजे तक तथा अभिजित मुहूर्त सुबह 11.59 से दोपहर 12.54 बजे तक था। बताया जाता है कि गुप्त नवरात्र के दौरान तांत्रिक और अघोरी मां दुर्गा की आधी रात में पूजा करते हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित करके लाल सिंदूर, सुनहरे गोटे की चुनर अर्पित करते हैं तथा नारियल, फल-पुष्प, श्रृंगार अर्पित कर तथा 'ऊं दुं दुर्गायै नम:' का जाप किया जाता है। विदित हो कि गुप्त नवरात्र की पूजा के विषय में किसी को बताया नहीं जाता। जनमानस गुप्त नवरात्र की पूजा अखंड जोत जलाकर रोज दुर्गा सप्तशती का पाठ करके लाल पुष्प चढ़ाएं, इससे मनोवांछित ईष्ट सिद्धि प्राप्त होती है। 17 जुलाई को दुर्गाष्टमी तथा 18 को नवमी पर कुमारी पूजन करें। देवी व्रतों में कुमारी पूजा परमावश्यक मानी गयी है। एक कन्या पूजन से ऐश्वर्य प्रापि्त, दो से भोग मोक्ष, तीन से धर्म, अर्थ, काम, चार से राज्यपद, पांच से विद्या, छह से षट्कर्म सिद्धि, सात से राज्य, आठ से संपदा और नौ से पृथ्वी के प्रभुत्व की प्राप्ति होती है। कन्या पूजन में दो वर्ष की कुमारी, तीन की त्रिमूर्तिनी, चार की कल्याणी, पांच की रोहिणी, छह की काली, सात की चंडिका, आठ की शाम्भवी, नौ की दुर्गा स्वरूप बतायी गयी है।

# 20 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास

## अबूझ मुहूर्त 18 जुलाई को, होंगी ढेरों शादियां



**जबलपुर।** आगामी20 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू हो जाएगा, जो कि 14 नवंबर तक रहेगा। तकरीबन इन 4 महीनों के दौरान शुभ कार्यो के लिए मुहूर्त नहीं रहेंगे। इसके बाद 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच में सूर्य धनु राशि में आ जाएगा। जिसे धनुर्मास कहते हैं। इस एक महीने के दौरान भी शुभ काम नहीं किए जाते हैं। ज्योतिषियों के अनुसार 18 जुलाई को भड़ली नवमी है। जिसे अबूझ मुहूर्त मान कर इस तिथि में शादियां की जाती हैं। इसे देखते हुए शहर में अनेक शादियां होंगी। इसके बाद अगला अबूझ मुहूर्त देवउठनी एकादशी को होगा,जो कि 14 नवंबर को है। चार महीने बाद इसी दिन से शादियों की शुरुआत हो जाएगी इससे पहले कोरोना महामारी के चलते कई लोगों की शादियां रुक गई थी। इस महामारी के कारण विवाह और सभी शुभ कामों के लिए अबूझ मुहूर्त अक्षय तृतीया पर भी शुभ कार्य नहीं किए जा सके। इसलिए अब कई लोगों को अगले बड़े मुहूर्त यानी भड़ली नवमी का इंतजार है।

भड़ली नवमी की पूजा विधि: शास्त्रों के अनुसार इस दिन लक्ष्मी-नारायण की पूजा और कथा की जाती है। भड़ली नवमी पर साधक को स्नान करके धुले कपड़े हनकर मौन रहकर पूजा-अर्चना करनी चाहिए। अर्चना के दौरान भगवान को फूल, धूप, दीप और नैवेद्य चढ़ाना चाहिए। पूजा में बिल्व पत्र, हल्दी, कुमकुम या केसर से रंगे हुए चावल, पिस्ता, बादाम, काजू, लौंग, इलाइची, गुलाब या मोगरे का फूल, किशमिश, सिक्का आदि का प्रयोग करना चाहिए। अर्चना के बाद पूजा में प्रयोग हुई सामग्री को किसी ब्राह्मण या मंदिर में दान कर देना चाहिए।

# आज सर्वार्थ सिद्धि योग व पुष्य नक्षत्र




**जबलपुर,यशभारत।** रविवारको सर्वार्थ सिद्धि योग व पुष्य नक्षत्र भी है, इस दिन इस योग में वाहन खरीदना भवन व भूमि, वस्त्र, आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है। पुष्य नक्षत्र में खरीदी गई वस्तु का स्थायित्व बना रहता है और इस दिन किए गए कार्यों की सिद्धि प्राप्त होती है। खरीदारी के लिए बहुत ही शुभ दिन: रवि पुष्य योग में जमीन, मकान, सोने-चांदी के आभूषण, कपड़ा, आटोमोबाइल्स, इलेक्ट्रानिक चीजों की खरीदारी करना शुभ माना गया है। इसके साथ ही इस नक्षत्र में मंत्र दीक्षा, उच्च शिक्षा ग्रहण, भूमि क्रय विक्रय, आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करना, यज्ञ, अनुष्ठान और वेद पाठ,आरंभ करना, गुरु धारण करना, पुस्तकों का दान करना, विदेश यात्रा आरंभ करने आदि के लिए श्रेष्ठ होता 2021 का यह पहला और आखरी रवि पुष्य योग है,जो कि बहुत लंबे समय तक रहेगा। यह रवि पुष्य योग 11 जुलाई ,को सुबह से शुरू हुआ जो रात के करीब 2:20 बजे तक रहेगा। इतनी देर तक शुभ संयोग होने से इसका महत्व काफी बढ़ गया है। इस तरह का संयोग आगे 10 अप्रैल 2022 को बनेगा। जब पूरा दिन रवि पुष्य योग रहेगा। हालांकि इसके बाद 8 अगस्त को फिर पुष्य नक्षत्र योग रहेगा, लेकिन यह सुबह 9ः00 बजे तक ही रहेगा।



# 10वीं का रिजल्ट 14 या 15 को संभावित

**बारहवीं का अंतिम सप्ताह में माशिमं की पूरी तैयारी,परिणाम ऑनलाइन ही घोषित किया जाएगा।**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की दसवीं कक्षा परिणाम घोषित करने की पूरी तैयारी कर ली है और संभवत: यह 14 या 15 जुलाई को जारी हो सकता है। ।कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस बार भी परीक्षा परिणाम ऑनलाइन ही घोषित किया जाएगा। दसवीं के परीक्षा परिणाम तैयार करने के संबंध में मंडल ने दिशा-निर्देश पहले जारी किए थे। इसमें नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक विद्यार्थियों की छमाही और प्री-बोर्ड व यूनिट टेस्ट एवं आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर रिजल्ट तैयार किया गया है। इसमें अनुत्तीर्ण रहने वाले नियमित या प्राइवेट विद्यार्थियों को 33 अंक देकर पास घोषित किया जाएगा। अगर कोई विद्यार्थी अपने परीक्षा परीणाम से असंतुष्ट होता है तो परीक्षा उनके लिए एक सितंबर से 25 सितंबर के बीच विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें वे शामिल हो सकेंगे।इसके लिए विद्यार्थियों को एक अगस्त से 10 अगस्त के बीच ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। परीक्षा आयोजन का विस्तृत कार्यक्रम अलग से जारी किया जाएगा। मंडल द्वारा परीक्षा लेकर विद्यार्थियों का रिजल्ट घोषित किया जाएगा। बता दें, कि इस वर्ष दसवीं परीक्षा की प्रवीण्य सूची जारी नहीं की जाएगी। इस वर्ष दसवीं में साढ़े दस लाख और बारहवीं में साढ़े सात लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं।वहीं माशिमं ने बारहवीं रिजल्ट के संबंध में फार्मूला तैयार कर जारी कर दिए हैं। इसमें दसवीं के आधार पर अंकसूची में नंबर देने का फार्मूला तय किया है। अंकसूची में दसवीं के पांच मुख्य विषयों के आधार पर नंबर दिए जाएंगे।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को वेतन अप्राप्त

## आदिवासी विकास विभाग में दैनिक वेतन भोगियों को वेतन के पड़े लाले

**जबलपुर। मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि आदिवासी विकास विभाग के छात्रावासों एवं आश्रमों में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी कर्मी जैसे रसोईया, चौकीदार, पानीवाला जैसे पदों पर कार्यरत कर्मियों को पिछले लगभग तीन चार माह से वेतन अप्राप्त है। वैसे ही इन कर्मियों को नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण इतना कम वेतन मिलता है कि पूरा महीना खत्म होने के पहले ही वेतन खत्म हो जाता है।**

इस मंहगाई में जहां कम वेतन में महीना कट पाना कठिन होता वहीं इन कर्मियों को लगातार चार महीने से वेतन न मिलना उनके लिए बहुत बड़ी आर्थिक परेशानियां खडी कर देता है। किराना, दूध, सब्जी, बिजली का बिल, गैस सिलेन्डर, मकान किराया आदि का भुगतान करते हुए बढती




मंहगाई के बीच इनका जीवन गुजर बसर करना एक कठिन चुनौती बन जाता है। जिम्मेदारों से पूछने पर सीधा उत्तर दिया जाता है कि बंटन अप्राप्त है। दैनिक वेतन भोगियों के साथ पूरे साल में वेतन का अनियमित होना कोई नई बात नहीं है ।पूर्व के कई वर्षों में भी शासन स्तर से बजट न होने के कारण इनको आर्थिक कठिनाइयों से रूबरू होना पडता है इस कठिन समय में उन्हें कई बार सूदखोरों से भी पैसा ब्याज पर लेना पडता है और अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण करते करते यह लोग सूदखोरों के चंगुल में फसकर बहुत सा पैसा ब्याज में दे देते हैं और इनकी आर्थिक स्थिति बद से बदतर हो जाती है। संघ के अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, तरूण पंचौली, आनंद रैकवार, मनीष चौबे, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, श्यामनारायण तिवारी, प्रणव साहू, राकेश पाण्डे, मनीष लोहिया, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, प्रियांशु शुक्ला, महेश कोरी, धीरेन्द्र सोनी, मो0 तारिख, संतोष तिवारी विनय नामदेव, सुदेश पाण्डे, विजय कोष्टी, अब्दुल्ला चिश्ती, आदि ने आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग म.प्र.भोपाल से ई-मेल भेजकर मांग की है कि अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतन हेतु शीघ्र आवंटन किया जावे।

## रेल कोच रेस्टॉरेंट प्रोजेक्ट की तैयारी

# कल निकाले जाएंगे पुराने कोच

**जबलपुर ।जबलपुर रेल मंडल ने रेल कोच रेस्टॉरेंट प्रोजेक्ट की तैयारी शुरू कर दी है। इससे पुराने रेल कोच को रेस्टॉरेंट में तब्दील कर स्टेशन प रिसर में रखवाकर इनसे लाभ कमाने की मंडल की योजना अब साकार होगी। इसके लिए बाकायदा निविदा भी हो चुकी है और चार स्टेशन भी तय किए जा चुके हैं। 5 कोच में रेस्टॉरेंटल्ल तैयार होगा।**



जिससे रेलवे को 65 लाख रुपए सालाना कमाई होगी । पहले चरण में 12 जुलाई को। 3 कोच निकाले जाएंगे । जिनको मदनमहल ,मुख्य स्टेशन और कटनी में रखा जाएगा12 जुलाई को रेलवे पुराने कोच को ठेकेदार के हवाले करेगा जो इन्हें रेनोवेट कर कोच में तब्दील करेगा। गौरतलब है कि भारतीय रेल का पहला कोच रेस्त्रां बंगाल के आसनसोल में शुरू किया गया था। इसमें लंबे समय से खराब कोच जो चलने की स्थिति में नहीं हैं उन्हें कोच रेस्तरां के लिए उपयोग किया जाएगा। इन्हें बजाय बेचने के ठेकेदार को लीज पर दिया जा रहा है। जबलपुर रेल मंडल में इसकी प्रक्रिया गत वर्ष हो चुकी है और चार स्टेशन क्रमश- जबलपुर,मदनमहल,कटनी व सतना के लिए यह प्रोजेक्ट फाइनल हो चुका है। बीच में कोरोना की दूसरी लहर के चलते इस प्रोजेक्ट पर काम नहीं हो सका,जो अब साकार होगा।

### लजीज व्यंजनों का ले सकेंगे लुत्फ

इन रेल कोच रेस्तरां में यात्रियों,उनके परिजनों सहित शहर के आम नागरिक भी लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। इनमें खान-पान से लोगों को रेल कोच में सफर जेसी फीलिंग आएगी। पूरा मेंटेनेंस ठेकेदार का होगा। उसे सालाना लीज राशि रेलवे को चुकानी होगी। कोच के मूल परिवेश में फेरबदल नहीं किया जाएगा,अलबत्ता अंदर सीनरी,शहर के पर्यटक स्थलों के चित्र होंगे। आरामदायक सिटिंग व टेबल होंगी। वर्दीधारी वेटर खाद्य सामग्री परोसेंगे।

## तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने अटल अकादमी की शुरुआत

जबलपुर, ।ट्रिपलआइटीडीएम में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से अटल अकादमी की शुरुआत की गई। की गई। कार्यशाला में क्वांटम कंप्यूटिंग के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। समापन सत्र के पहले कोयंबटूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रोफेसर डॉ. गांधी द्वारा क्वांटम सर्किट की कार्यप्रणाली के बारे में बताया गया। वर्चुअल माध्यम से आइबीएम की क्वांटम कंप्यूटिंग लैब में हैंड्स ऑन सत्र आयोजित किया गया। जहां सभी प्रतिभागियों को क्वांटम कंप्यूटिंग के बारे में प्रैक्टिकल कराकर जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंतिम सत्र में गौरव सिंह चौहान आर्ट एंड लिविंग के प्रशिक्षक द्वारा मानसिक चेतना के महत्व और योग द्वारा स्ट्रेस को कम करने के उपाय भी बताए गए। प्रशिक्षक ने बताया कि किस तरह से सारे काम



## वैक्सिनेशन जागरूकता प्रोग्राम

जबलपुर। आस्था सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा संकट मोचन मंदिर गढ़ा जबलपुर में मास्क एवं सैनिटाइज़र वितरण का आयोजन किया गया। साथ ही साथ कोरोना वैक्सिनेशन जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसायटी की अध्यक्ष,सोनल सोनी,रेणु तिवारी,रचना वर्मा,श्वेता सिंह,डॉ. अरुणा पाठक, राज कुमार जाटव् , अनुराग पटेल जी का विशेष योगदान रहा।




## कोविड-19 पर संगोष्ठी सम्पन्न

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी आदेशानुसार आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में एक संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर जितेंद्र जामदार ने अपने उदबोधन में कहा कि कोविड-19 खतरनाक महामारी जो चीन के वुहान शहर से शुरू होकर दुनिया के हर देश तक पहुँच गई और अपने देश भारत मे भी ये कोरोना महामारी आ पहुँची इस महामारी से निपटने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की जनता के सेवा कार्य किए गए उसे जनता तक पहुंचाने का कार्य पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता ने किया है जब देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब ऐसे समय में पार्टी का कार्यकर्ता जनता की सेवा के लिए बिना अपनी जान की परवाह किए बिना जनता के बीच रहा है ।कार्यक्रम के प्रभारी नंद कुमार यादव , मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी नीटू ,इस संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ चिकित्सक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर जितेंद्र जामदार , नगर महामंत्री संदीप जैन , महिला मोर्चा अध्यक्ष अश्वनी परांजपे ,कमलेश अग्रवाल , अनिता यादव ,आनंद मिश्रा , पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महामंत्री कमलेश नामदेव ,युवा मोर्चा नगर महामंत्री प्रणित वर्मा, पूर्व एमआईसी सदस्य चक्रेश नायक ,दीप मेहदेल , कुंजी जौहरी , सुनील जैन नेता , अमित जैन , सुरेन्द सिंह राठौर , गणेश बड़े , संतोष विश्वकर्मा ,डब्बू पांडे जी ,विनीत सोनी , देशराज सिंह ठाकुर , प्रमोद पटेल ,महीर यादव , राजू गुप्ता , राजू वर्मा , महेश अग्रवाल ,राजकुमार केसरवानी ,पप्पी सहयोगी , आदि मंडल कर्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारतीय मजदूर संघ ने केंट विधायक को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** भारतीय मजदूर संघ जबलपुर की नव निर्वाचित जिला इकाई के द्वारा केंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी का स्वागत कर मजदूरों की समस्या का ज्ञापन सौपा । भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि फेक्ट्री,रेल्वे एवं अन्य श्रमिक संगठनो कि लंबित मांगों से माननीय विधायक जी को अवगत कराया गया ।प्रदेश कर्मचारियों के लंबित डीए एवं इंक्रेमेंट को भी जल्द देने के लिए कहा गया । इस अवसर पर विधायक श्री रोहाणी ने नवीन कार्यकारिणी का स्वागत भी किया तथा कहा कि मजदूरो कि सभी मांगों के निराकर्ण के लिए शासन स्तर पर सभी संभव प्रयास किए जाएंगे । भारतीय मजदूर संघ में निर्वाचन हुआ हैं इसमे रामकुमार सैयाम अध्यम,जिला मंत्री कृष्णकांत शर्मा सहित 26 पदाधिकारियों कि नियुक्ति हुई हैं । इस अवसर पर संगठन के अखिलेश श्रीवास्तव,अजय विश्वकर्म,बसंत गोरे,रामकुमार सैयाम, कृष्णकांत शर्मा,पावन देवक,अमित मेहरा,ओ पी तिवारी,कमल किशोर तिवारी,अभिजीत सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# नेशनल लोक अदातल में 80 प्रकरणों का आपसी सामंजस्य के आधार पर निराकरण




**जबलपुर ।नेशनल लोक अदातल में 80 प्रकरणों का आपसी सामंजस्य के आधार पर निराकरण किया गया। इसके साथ ही सवा तीन अरब से ज्यादा की अवार्ड राशि पारित की गई। वर्षों से लंबित मामलों को चंद मिनटों में हुए निराकरण पर पक्षकारों के चेहरे पर रौनक नजर आई। लोक अदालत का ई-शुभारंभ मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षण व मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मोहम्मह रफीक ने किया। इस दौरान छ्- माही न्यूज लेटर का विमोचन भी चीफ जस्टिस ने किया।**

प्रदेश के उच्च न्यायालयों सहित जिला व तालुका न्यायालयों में शनिवार को आयोजित हुई लोक अदालत में 4 लाख 75 हजार 981 प्रकरण रखे गए थे। जिसमें से 79 हजार 622 प्रकरणों का निराकरण कर 3 अरब, 27 करो?, 9 लाख 93 हजार 951 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें प्रीलिटिगेशन के 3 लाख 5 हजार 449 प्रकरणों में से 52 हजार 427 प्रकरणों का निराकरण कर 46 करो?, 67 लाख 81 हजार 508 रुपए की अवार्ड राशि पारित की गई। इसके साथ ही लंबित मुकदमों में 1 लाख 70 हजार 537 प्रकरण निराकरण के लिए रखे गए, जिनमें से 27 हजार 195 प्रकरणों का सफलता पूर्वक निराकरण कर 2 अरब, 80 करोड़ 42 लाख, 12 हजार 443 रुपए की अवार्ड व डिक्री और राशि वसूली गई।

### जिला न्यायालय में 2,888 प्रकरण निराकृत

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवीन कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय जबलपुर, तहसील न्यायालय सिहोरा एवं पाटन तथा कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 2,888 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसके साथ ही 35 करोड़ 83 लाख 55 हजार 038 रुपए का अवार्ड पारित हुआ। प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 67 खण्डपीठों का गठन किया जाकर न्यायालयों में लंबित 1,357 प्रकरणों एवं 1,531 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकृति के 130 प्रकरण, धारा 138 एनआईएक्ट के 242 प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 662 प्रकरण, विशेष विद्युत न्यायालयों में लंबित विद्युत के 147 प्रकरण, पारिवारिक मामलों के 65 प्रकरण, सिविल मामलों के 56 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### कुटुम्ब न्यायालय में राजीनामा के बाद 21 मामले निपटे

कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर के कुल 21 मामलों में राजीनामा की कार्यवाही निष्पादित की गई। कुटुम्ब न्यायालय के प्रकरणों के निराकरण हेतु अमिताभ मिश्रा, श्रीमती विधि सक्सेना एवं शिवकांत पाण्डे प्रधान न्यायाधीशगण की कुल 03 खण्डपीठों का गठन किया गया था।

### मोटर दुर्घटना में साढ़े12 लाख की क्षतिपूर्ति

न्यायाधीश जीसी मिश्रा की खंडपीठ में मोटर दुर्घटना में पत्नी की मृत्यु होने से परेशान वृद्ध भीकमलाल जो काफी बीमार चल रहा था। कोरोना काल में उसकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई थी। दोनों पक्षों के समझाने के पश्चात राजीनामा हुआ। जिसके बाद वृद्ध भीमकलाल का चेहरा प्रसन्नता से खिल उठा, जब उसे लगभग 12 लाख 50 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई। जिस पर उसने भावुक होकर व्यक्त किया कि अब उसका इलाज आसानी से हो जाएगा। उक्त राजीनामा में आवेदक के अधिवक्ता राजेश राय एवं बीमा कंपनी की अधिवक्ता श्रीमती अर्पणा विज की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बीएसएनएल में 6, सेंट्रल जेल में 4 प्रकरण निराकृत

लोकोपयोगी सेवाओं की लोक अदालत के पीठासीन अधिकारी मनीष सिंह ठाकुर के समक्ष बीएसएनएल कंपनी के 06 प्रकरणों का निराकरण कर लगभग 24 हजार 6 सौ की राशि वसूली गई। वहीं सेंट्रल जेल में 9 में से 4 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### चैक बाउंस मामलों का हुआ निराकरण

सुश्री नीलिमा देवदत्त की खण्डपीठ में 15 लाख की राशि का चैक बाउंस का मामला था। खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी एवं सुलहकर्ता सदस्यों के विशेष प्रयास से उक्त प्रकरण को आपसी सुलह व समझौता से निपटारा किया गया। इसके अतिरिक्त संबंधित खण्डपीठ ने 100 से अधिक एनआई एक्ट के मामलों का निराकरण किया गया।

### अक्टूबर 2020 से अलग हुई दंपति साथ रहने तैयार

सुश्री अंजली शाह जेएमएफसी के न्यायालय में एमजेसी के एक प्रकरण में धारा 12 घरेलू हिंसा से महिलाओं को संरक्षण अधिनियम के तहत एक्ट के अंतर्गत न्यायालय में अक्टूबर 2020 से लंबित था। जिसमें दोनों पक्षकार विगत एक साल से अलग-अलग निवास कर रहे थे एवं उनका एक 8 वर्ष का पुत्र था। लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी एवं सुलहकर्ता सदस्यों के प्रयास से दोनों पक्ष साथ रहने के लिए तैयार होकर खुशी-खुशी एक साथ घर गए, जिससे उनके अभिभावकगणों के मुख पर संतोष साफ दिखाई दिया।

## दिग्विजय सिंह टोक्यो ओलंपिक में जाएंगे



**जबलपुर।** भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यकारिणी सदस्य एवं मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह टोक्यो जापान में होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे । इसके पूर्व उन्होंने रियो ओलंपिक ,जकार्ता एशियन गेम्स आदि में ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया । उनकी नियुक्ति पर मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, उपाध्यक्ष प्रशांत ,बीडी शर्मा ,ओम सोनी ,अनिल धूपर ,विश्वास सारंग डॉक्टर मोहन यादव ,संजय सेठ ,जीतू जिराती ,वीरेंद्र सिंह ठाकुर, श्रीमती सारिका गुप्ता ,ओपी अवस्थी आदि ने शुभकामनाएं दी

## संस्कृति मंत्रालय ने वास्तुविद कलंतरे को बनाया सदस्य



**जबलपुर।** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने जबलपुर के वास्तुविद् सुजीत कलंतरे को केंद्रीय प्रोजेक्ट की बतौर सदस्य नियुक्त किया है। मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सहमति से प्रदेश में एक मात्र नियुक्ति की गई है। श्री कलंतरे केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की नेशनल एप्रेजल कमेटी पश्चिम जोन के सदस्य है। जो इसके आधीन सभी निर्माणाधीन प्रोजेक्ट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट,अनुमानित लागत,समय सीमा आदि का निर्धारिण करेंगे। इनकी नियुक्ति की अनुशंसा भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री सुहास भगत,प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा और सांसद राकेश सिंह द्वारा की गई।



## मौसम के मिजाज से लोग पसीना- पसीना

**जबलपुर।** मानूसन के अजीब मिजाज ने लोगों को परेशान करके रख दिया है। बारिश न होने से के कारण वातावरण में फिर उमस भरी गर्मी का अहसास बढ़ने लगा है। रुक रुक कर हो रही बारिश कुछ देर तो राहत प्रदान करती फिर धूप निकलने से उमस भरी गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा रही है। बारिश का आंकड़ा आठ इंच के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी तक 203 मिली बारिश दर्ज हो चुकी है। आने वाले दिनों में भी जबलपुर सहित आस-पास के क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है ।मौसम विभाग के मुताबिक जबलपुर सहित आस-पास के जिलों में गरज, चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। बहरहाल रूक-रूक कर हो रही बारिश के कारण एक बार फिर जनजीवन बेहाल हो रहा है। शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री से. था जो सामान्स से दो डिसे अधिक रहा। आज सुबह 8.30 बजे तक 29.4 डिग्री तक पहुंच गया है। बिना पंखे, कूलर के लोग उसम भरी गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हैं। एक जून से लेकर अभी तक जबलपुर में 203.1 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है। यानी अब तक करीब आठ इंच बारिश हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में आठ मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। वैसे जुलाई माह में औसतन 225 मिली तक बारिश हो जाती है। यदि मानसून सक्रिय हुआ तो यह अंतर भी पूरा हो सकता है। **फोटो- अशोक बर्मन**

# 10 वर्षों से बच्चों का दलिया खा रही थीं गाय-भैंस

**जबलपुर।** आंगनबाड़ी के बच्चों को हेल्दी बनाने वाला दलिया कालाबाजारी में लिप्त आरोपी डेयरी में गाय-भैंस को पिछले 10 सालों से खिला रहे थे। ये खुलासा इस मामले में गिरफ्तार करमेता माढ़ोताल निवासी आशीष साहू ने किया। आंगनबाड़ी के शासकीय खाद्यान्न की कालाबाजारी मामले में उसे पांचवां आरोपी बनाया गया है। इस पूरे गिरोह का वहीं सरगना भी है। वह रोशन पटेल के साथ मिलकर आंगनबाड़ी पर आने वाले बच्चों का दलिया डेयरी पर बेच रहा था। मामले में डेयरी संचालक और रोशन की तलाश जारी है।

**आंगनबाड़ी से खाद्यान्न की कालाबाजारी करने वाला मुख्य सरगना दबोचा गया, डेयर संचालक सहित दो आरोपियों की तलाश जारी**

अधारताल टीआई शैलेश मिश्रा ने बताया कि 8 जुलाई को खैरी स्थित सिडाना डेयरी में दबिश के दौरान 50 बोरी आंगनबाड़ी पर आने वाला दलिया आदि जब्त किया गया था। मौके से डेयरी कर्मी खैरी करौदा निवासी अनिल ठाकुर और लोडिंग ऑटो एमपी 20 एलए 9523 के ड्राइवर अभिषेक सेन को गिरफ्तार किया गया था। मामले में डेयरी संचालक गोलू सिडाना और रोशन पटेल को भी आरोपी बनाया गया था। अभिषेक ने बताया था कि आईटीआई माढ़ोताल में रोशन पटेल ने ही उसके ऑटो में दूसरे लोडिंग ऑटो एमपी 20 एलए 0880 से उक्त बोरियां अनलोड कराई थी। दूसरा लोडिंग ऑटो करमेता माढ़ोताल निवासी आशीष साहू का था।

इस खुलासे पर अधारताल और क्राइम ब्रांच की टीम ने आशीष साहू को भी जब्त कर लिया। उसका ऑटो भी जब्त कर लिया। आशीष साहू ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह पिछले 10 वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाला बच्चों का दलिया रोशन के साथ मिलकर डेयरी में बेच रहा था। अभिषेक का काम ऑर्डर मिलने पर आंगनबाड़ी केंद्रों में खाद्यान्न पहुंचाने का था। उसी के माध्यम से डेयरी में भी भेजते थे। 8 जुलाई को सिडाना डेयरी से जब्त खाद्यान्न शहर के 10 केंद्रों के लिए निकला था।

### 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बर्खास्तगी की जारी हो चुकी है नोटिस

यहां बता दें कि कलेक्टर ने भी इस मामले की एसडीएम नम्र शिवाय अरजरिया की अगुवाई में गठित कमेटी से जांच कराकर परियोजना अधिकारी शहरी क्रमांक-4 रीतेश दुबे और परियोजना अधिकारी शहरी क्रमांक- 6 श्रद्धा चौकसे के खिलाफ संभाग आयुक्त को अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की है। वहीं पर्यवेक्षक रत्नावली शर्मा, श्वेता तिवारी, वर्षा साहू और सविता अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।जबकि 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रंजना श्रीवास्तव, किस्बा अंजुम, पिंकी कश्यप, शिवांसी ठाकुर, सुरेखा राठौर, प्रेमलता, श्रद्धा कोरी, रीती सिंह, माया गौतम और श्रद्धा सोनकर को बर्खास्तगी का कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मामले में दोषी पाए गए पार्वती स्व-सहायता समूह और गौरी स्व-सहायता समूह को ब्लैकलिस्ट करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

## शिक्षा विभाग के लोक सेवक स्थानांतरण हेतु असमंजस में !

जबलपुर, मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा ने बताया कि मध्यप्रदेश, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल द्वारा दिनांक 24 जून 2021 को राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारिया/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति जारी की गई ह, जिसमें 01 जुलाई 21 से 31 जुलाई 21 तक की अवधि के लिए स्थानांतरण से प्रतिबंध को शिथिल किया गया है। लगभग 15 दिन बीत जाने के बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा अपने विभाग के लोक सेवकों हेतु स्थानांतरण नीति जारी नहीं की गई है जिसके कारण शिक्षा विभाग के लगभग 5 लाख अधिकारी/कर्मचारी/प्राचार्य/शिक्षक/अध्यापक/भृत्य आदि सभी असमंजस की स्थिति में हैं उन्हें कन्ही से कोई सही उत्तर नहीं मिल पा रहा है कि स्थानांतरण ऑनलाईन होंगे या ऑफलाईन ? विभागीय स्थानांतरण नीति जारी नहीं होने से लोक सेवक माननीयों के चक्कर काट रहे है कि कन्ही से कोई अनुशंसा प्राप्त हो सके परन्तु नीति जारी न होने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है और उन्हें नीति जारी होने तक इंतजार करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे लोक सेवक जो गंभीर बीमारी से ग्रसित है या सेवानिवृत्ति के करीब हैं वे अपनी सविधानुसार स्वैच्छिक स्थानांतरण कराना चाह रहे हैं परन्तु उन्हें कार्यालय व माननीयों के चक्कर काटने पड़ रहें है और कोई हल नजर नहीं आ रहा है । अपने परिवार से दूर शासकीय कार्य संपादित करने वाले लोक सेवक वर्षभर स्थानांतरण नीति का इंतजार करते हैं परन्तु विभाग की स्थानांतरण नीति समय से जारी न होने के कारण उन्हें स्थानांतरण की आवश्यक कार्यवाही करने में कम समय मिल पाता है जिसके कारण उन्हें अत्याधिक परेशान होना पडता है।संघ के योगेन्द्र दुबे, अरवेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, नरेन्द्र दुबे, संजय यादव, आलोक अग्निहोत्री, मुकेश सिंह, दुर्गेश पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, मुन्नालाल पटेल, दीपक राठौर, अनुराग चन्द्रा, गोविन्द बिल्थरे, वीरेन्द्र तिवारी, घनश्याम पटेल, गोपाल नेमा, राजकुमार मिश्रा, अजय दुबे, मो.तारिक, वीरेन्द्र सोनी, श्यामानाराण तिवारी, नितिन शर्मा, संतोष तिवारी, प्रियांशु शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, देवदत्त शुक्ला, महेश कोरी, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, पावन ताम्रकार आदि माननीय शिक्षा मंत्री जी एवं आयुक्त, लोक शिक्षण, म.प्र. भोपाल को ई-मेल भेजकर कर मॉग की है कि शिक्षा विभाग की स्थानांतरण नीति शीघ्र जारी की जावे एवं स्थानांतरण हेतु समयावधि में भी वृद्धि की जाये ।

**प्रदेश के 5लाख कर्मियों में रोष**

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने दान की 11 एंबुलेंस

**जबलपुर, ।दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन महाकौशल विंध्य रीजन के उपाध्यक्ष छोटेलाल-सुनीता जैन द्वारा 11 मोबाइल एंबुलेंस का वितरण उन गांवों में किया गया जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है। एंबुलेंस वितरण का आयोजन उनके नेपियर टाउन स्थित उनके स्थान पर किया गया।**



शुरुआत में फेडरेशन के सचिव अमित जैन ने मंगलाचरण किया। पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन, सीए अखिलेश जैन, आभा जैन, जैन पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश चंद जैन, पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र जैन जग्गू, शील चंद जैन और पद्म चंद जैन उपस्थित रहे। संचालन विंध्य रीजन अध्यक्ष रश्मि जैन द्वारा किया गया। आभार अशोक-कुमुद जैन ने किया। छोटेलाल-सुनीता जैन ने बताया कि कोरोना काल में जब उन्होंने लोगों को अस्पताल जाने के लिए परेशान देखा तो इस परेशानी से उन्हें मोबाइल एंबुलेंस देने का विचार आया। इस मोबाइल एंबुलेंस को दो पहिया वाहन से अटैच कर के आसानी से किसी भी अस्पताल पहुंचाया जा सकता है। यह एंबुलेंस सर्रा, चोपड़ा, छोटी कटंगी, झालौन, चरगवां, बहोरीबंद, खजरी, डोभी गांव को वितरित की गई।इस दान के लिए विंध्य रीजन द्वारा छोटेलाल-सुनीता जैन को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद अतिथियों ने कहा कि अन्य लोगों को भी इस कार्य से प्रेरणा लेकर जरूरतमंदों की मदद करना चाहिए। यदि ईश्वर ने इस योग्य बनाया है कि किसी की मदद कर सकें तो जरूर आगे बढ़कर मदद करना चाहिए। खास तौर पर इस समय तो एक-दूसरे के प्रति संवेदनाओं की बहुत आवश्यकता है। तभी इस संकट के समय से सभी बाहर निकल सकेंगे। आयोजन को सफल बनाने में देवेंद्र-अंजना, सतीश-विमला, मुकेश-सीमा, प्रदीप-ममता, पंकज-प्रतिभा, सुनील- चित्रा, प्रशांत- प्रियांशी व अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

## गरीब बस्ती में चलाया जागरूकता अभियान



**जबलपुर।** हर एक को मिले कोरोना की वैक्सीन इसी उद्देश्य के साथ कोरोना जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज पश्चिम विधानसभा के महाराणा प्रताप वार्ड के विस्थापित बस्ती में जागरूकता अभियान चलाया गया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संयोजक विवेक अवस्थी ने बताया कि गरीब बस्ती में रह रहे लोगों को कोई भी सरकारी सुविधा उपलब्ध नही है लोग नारकीय जीवन जी रहे खराब सड़कें बजबजाती नालियां खम्बों पर लाइट नही है क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि यहां आश्वासन के अलावा कोई भी काम नही हुआ है। वैक्सीन लगवाने के लिए गरीब लोग संघर्ष कर रहे है लगभग 2 दर्जन से अधिक लोगो ने इसकी शिकायत की इस अवसर पर सुमन जैन. राजू यादव. वरून शर्मा. अनिल पांडे दिग्विजय सिंग. ऋषि अवस्थी आदि साथ थे।

## अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 2 आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। थाना खमरिया एवं थाना बरगी की टीम द्वारा अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 2 आरोपियों को 130 लीटर कच्ची शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया है ।पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ/शराब की तस्करी में लिप्त लोगों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।उसी के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर /यातायात संजय कुमार अग्रवाल एवं अतिरक्त पुलिस अधीक्षक ग्रांमीण शिवेश सिंह बघेल तथा नगर पुलिस अधीक्षक रांझी एमपी प्रजापति एवं नगर पुलिस अधीक्षक बरगी रवि चैहान के मार्ग दर्शन में थाना खमरिया एवं थाना बरगी की टीम द्वारा मटामर और ग्राम खिरहनी म अवैध शराब के कारोबारियों पर छापामार शैली में कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी खमरिया सुश्री निरूपा पाण्डे ने बताया कि आज सुबह विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि मटामर में शोभित बेन अपने घर में अवैध अवैध रूप से कच्ची शराब बेचने के लिये छुपाकर रखा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान ग्राम मटामर शोभित बेन के घर में दबिश दी गयी जहां एक युवक एक प्लास्टिक के नीले रंग के केन एवं एक प्लास्टिक के पीले रंग की केन घर में छुपा कर रखे था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम शोभित बेन उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मटामर का रहने वाला बताया जो दोनों केनों में 70 लीटर कच्ची शराब रखे मिला जिसे जप्त करते हुये आरोपी शोभित बेन के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। आरोपी युवक के अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने में सहायक उप निरीक्षक असवंत सिंह, महिला आरक्षक आरती सोनकर, आरक्षक गौरव यादव, विमल यादव की सराहनीय भूमिका रही।

**130 लीटर कच्ची शराब एवं मोटर सायकल जप्त**

थाना प्रभारी बरगी रीतेश पाण्डे ने बताया कि रात को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खिरहनी तरफ से एक मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 केपी 0346 में एक व्यक्ति मोटर सायकल में दोनों तरफ जरिकेन बांधकर जरिकेनो में कच्ची शराब भरे हुये बेचने हेतु बरगी तरफ जा रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये अनुसार बरगी वाईपास गट्टू ढाबा के पास बरगी में दबिस देते हुये वाहन चैकिंग की गयी तभी ग्राम निगरी तरफ से एक मोटर सायकल आती दिखी । मोटर सायकल चालक को रुकने का इशारा किया जो भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने अपना नाम अभिषेक जैसवाल उम्र 26 वर्ष निवासी नई बस्ती ललपुर ग्वारीघाट बताया उसकी मोटर सायकल में दोनों ओर 2 सफेद रंग की जरिकेनों में 60 लीटर कच्ची शराब भरी रखे मिला जिसे मय मोटर सायकल बजाज कम्पनी की सीटी 100 क्रमांक एमपी 20 केपी 0346 के जप्त की।

## कमजोर परिवारों में कन्या विवाह सामग्री दी



जबलपुर। कैंट विधानसभा की परंपरा अनुसार निर्धन व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में कन्या विवाह हेतु विवाह सामग्री विधायक सेवा केंद्र से विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के द्वारा प्रदान की गई इस वितरण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दामोदर सोनी, आशीष राव, जी गुड्डा केवट, संजय वर्मा, जागेश समुंदरे,बाबा श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शनि मंदिर में महाआरती



**जबलपुर।** शनि अमावस्या पर न्यू रामनगर अमखेरा नया वार्ड 74 में शनि मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया एवं भंडारा प्रसाद वितरण किया गया जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव मोनू नामदेव नितिन शर्मा मनीष तिवारी दीपक शर्मा टिम्मी लक्ष्मी नारायण शुक्ला पप्पू बर्मन नम्रता शर्मा अंजू शर्मा एवं क्षेत्र की माताएं बहनें सम्मिलित हुए। आरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्य किया गया ।

# कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर प्रौढ़ की हत्या

### जमीन के विवाद पर पिता-पुत्र ने मिलकर दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर/ कटनी।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम निपनिया में शनिवार की देरशाम एक 55 वर्षीय प्रौढ़ की कुल्हाड़ी से हमला कर नृशंस हत्या कर दी गई। वारदात के पीछे जमीनी विवाद को कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने पिता-पुत्र के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में बहोरीबंद थाना प्रभारी रेखा प्रजापति ने बताया कि ग्राम निपनिया निवासी 55 वर्षीय वीरेन्द्र पिता मुन्नी सिंह गौड़ का परिवार के ही अनिल सिंह गौड़ से जमीन बंटवारे को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा है। बताया जाता है कि वीरेन्द्र सिंह गौड़ कल शनिवार की शाम लगभग 7 बजे अपने खेत में काम कर रहा था। उसीदौरान वहां अनिल सिंह गौड़ अपने पुत्र जगदीश सिंह गौड़ के साथ पहुंच गया। यहां एक बार फिर वीरेन्द्र सिंह व अनिल सिंह के बीच जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। बताया जाता है कि मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो अनिल सिंह गौड़ ने अपने पुत्र जगदीश सिंह गौड़ के साथ मिलकर वीरेन्द्र के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी दनादन कई बार करने के बाद आरोपी पिता-पुत्र वहां से भाग खड़े हुए। ऊधर वीरेन्द्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने अधिकार में लेकर उसे परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां आज सुबह पीएम के बाद शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के विरूद्ध धारा 302, 34 के तहत मामला दर्ज उनकी तलाश में जुट गई।

**बहोरीबंद के निपनिया गांव में वारदात से सनसनी**

### आरोपी पिता-पुत्र हिरासत में-थाना प्रभारी

बहोरीबंद थाना प्रभारी श्रीमती रेखा प्रजापति ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में मामले की गंभीरता से विवेचना करते हुए पुलिस ने देरात ही आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ के बाद दोनों के कब्जे से खून से सनी कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है।

## हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास की सजा

जबलपुर, ।अपर सत्र न्यायाधीश वारीन्द्र तिवारी की अदालत ने हत्या के मामले में शाहनाला, जबलपुर निवासी ओमकार व सुनील बेन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने आरोपितों पर दो-दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।अभियोजन के मुताबिक तिलवारा थाना अंतर्गत निवासी ओमकार और सुनील बेन का क्षेत्र में रहने वाले राजा कोरी के साथ विवाद चल रहा था। आरोपितों ने एक अप्रैल, 2018 को राजा कोरी को शाहनाला में मिलने के लिए बुलाया। ओमकार और सुनील बेन ने राजा कोरी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। राजा कोरी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों पर धारा 302, 34 का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया।अतिरिक्त लोक अभियोजक सरोज तिवारी ने तर्क दिया कि आरोपितों ने क्रू रता पूर्वक युवक की हत्या की है। इसलिए उन्हें कठोर दंड दिया जाना चाहिए। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपितों को आजीवन कारावास और दो-दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

**दो-दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

## केन्द्रीय जेल में नेशनल लोक अदालत

जबलपुर ।नेताजी सुभाषचन्द्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर में शनिवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। पीठासीन अधिकारी श्री मंजुल सिंह द्वारा लोक अदालत के आयोजन का उद्देश्य बतलाया गया।लोक अदालत में खण्डपीठ द्वारा आपराधिक प्रकरणों में समझौता एवं स्वीकारोक्ति के आधार पर प्रकरणों का निपटारा किया गया। पीठासीन अधिकारी मंजुल सिंहए विशेष न्यायाधीश रेल्वे कोर्ट, जबलपुर के समक्ष कुल.नौ प्रकरण निपटारे हेतु रखे गयेए जिनमें से चार प्रकरणों का निराकरण स्वीकारोक्ति के आधार पर किया गया। पीठासीन अधिकारी श्री मंजुल सिंह द्वारा जेल में परिरूद्ध दिव्यांग विचाराधीन बंदी के प्रकरण का सहानुभूतिपूर्वक त्वरित निराकरण भी जेल लोक अदालत में किया गया तथा अंत में पीठासीन अधिकारी द्वारा लोक अदालत में उपस्थित विचाराधीन बंदियों को मिष्ठान भी वितरित किया गया।नेशनल लोक अदालत का आयोजन जेल उप महानिरीक्षक एवं जेल अधीक्षक गोपाल ताम्रकार के मार्गदर्शन में एवं विधि अधिकारी अशोक सिंहए उप अधीक्षक जेल आरपी मिश्र, सहायक जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह ठाकुर तथा रेल्वे कोर्ट स्टाफश्री शरद कुमार जैन, श्री परमेश्वर यादव, मनोज जायसवाल के सहयोग से हुई।

## अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने के पहले इन्हें भी लगेगी कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज


जबलपुर। संचालक एनएचएम (टीकाकरण) डॉ. संतोष शुक्ला ने सभी कलेक्टर्स को भारत शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने वाले अधिकारियों को यात्रा पूर्व कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज और प्रमाण-पत्र देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।पूर्व में शैक्षणिक प्रयोजन के लिये विदेश यात्रा करने वाले छात्र, रोजगार संबंधी प्रयोजन के लिये विदेश यात्रा करने वाले व्यक्ति, टोक्यो ओलंपिक में सम्मिलित होने वाले एथलीट्स, खिलाड़ी, सपोर्ट स्टॉफ को निर्धारित समय अंतराल 84 दिन के पूर्व कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज लगाकर प्रमाण-पत्र देने के निर्देश दिए गए थे। नवीन निर्देशों के अनुसार भारत सरकार के अधिकारियों को विदेशों में अधिकारिक प्रतिबद्धताओं में भाग लेने के लिये जाने वाले अधिकारियों को सम्मिलित किया गया।


**आवश्यकता है**

शिक्षिकाओं की आवश्यकता है किड्स जोन इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन E-mail-kid-szonepatan@gmail.com पर बायोडाटा सेंट करें।

-सम्पर्क-

8223951666, 7974045645



## आत्मा का परिचय

# मोक्ष की ओर पहला कदम

अपनी बातचीत में हम कई बार 'आत्मा' शब्द का प्रयोग करते हैं, परन्तु आश्चर्य की बात है कि सारे प्रयत्नों के उपरांत भी हम नहीं जान पाते कि आत्मा क्या है। आज हमने भले ही, संसार के अनेक रहस्यों का उत्तर जान लिया है, अनेक जटिल समस्याओं का हल भी ढूंढ़ निकाला है, परन्तु आत्मा के बारे में हम नहीं जानते हैं।

यदि किसी से पूछा जाए कि आप कौन हैं? अथवा आपका क्या परिचय है? तो वह अपना नाम अथवा कार्य या पद बताएगा। लेकिन, वास्तव में आत्मा क्या है, यह बताना हमें हमारे वश में नहीं लगता।

आत्मा के अस्तित्व में विश्वास करने वालों की आत्मा के संबंध में धारणाएं एक जैसी नहीं हैं। लोग आत्मा की एक-दूसरे से भिन्न परिभाषाएं बताते हैं। आत्मा के संबंध में इस मतभेद का कारण यह है कि आत्मा भौतिक जगत के जाने और परखे जा सकने वाले पदार्थों की तरह परीक्षित तत्व नहीं है। वह कल्पना की ही वस्तु है, इसलिए आत्मा के संबंध में परिस्थितियों के अनुसार धारणाएं बनती, बिगड़ती रही हैं।

अद्वैतवादी, आत्मा को ईश्वर का ही अंश बताते हैं। उनके अनुसार आत्मा के भी वही गुण होंगे जो ईश्वर के हैं अर्थात् आत्मा भी अजर, अमर और सदा एक रूप, एकरस रहने वाला और ज्ञान स्वरूप है।


वहीं कुछ लोग आत्मा का अस्तित्व ईश्वर से पृथक मानते हैं। वे आत्मा को अजर, अमर तो मानते हैं, लेकिन ईश्वर के समान पूर्ण नहीं मानते। कुछ अन्य लोग एवं धारणाएं आत्मा को अणु मानते हैं, वहीं दूसरे विभु कहते हैं। आत्मा को अणु बताने वाले, संसार के सब जीवों में पृथक-पृथक आत्मा होने का विश्वास करते हैं। जबकि आत्मा को विभु मानने वाले आत्मवादियों का विश्वास है कि संसारभर के जीवों में एक ही आत्मा व्याप्त है। आत्मा के बारे में कौन-सा विचार ठीक है, इस संबंध में तर्क की कोई कसौटी नहीं है। आत्मा के अस्तित्व के संबंध में प्रमाण और तर्क केवल ज्ञानी समझे जाने वाले व्यक्तियों की कही हुई बातें ही मानी जा सकती हैं। आत्मा के संबंध में धारणाओं या विश्वासों में से कोई एक ही सत्य हो सकती है। एक ही धारणा को सत्य मानने पर अन्य धारणाओं को अवश्य गलत मानना होगा।

**किस तत्व से बनी?**

गीता समेत कई ग्रंथ व विद्वान मानते हैं कि मनुष्य आत्मा और शरीर को मिलाकर बनता है। जैसे शरीर पंच तत्वों जल, वायु, अग्नि, आकाश और पृथ्वी से बना है, वैसे ही आत्मा मन, बुद्धि और संस्कार से बनती है।

**कहां है वास?**

कहा जा सकता है कि आत्मा में ही विचार करने और निर्णय करने की शक्ति होती है तथा वह जैसा कर्म करती है, उसी के अनुसार उसके संस्कार बनते हैं। एक विचार के मत में आत्मा एक चेतन एवं अविनाशी ज्योति-बिंदु है जो कि भृकुटि में निवास करती है। इस मत के अनुसार जैसे रात्रि को आकाश में जगमगाता हुआ तारा एक बिंदु-सा दिखाई देता है, वैसे ही दिव्य-दृष्टि द्वारा आत्मा भी एक तारे की तरह दिखाई देती है। एक प्रसिद्ध पद में कहा गया है-'भृकुटि में चमकता है एक अजब तारा।'



इस विचार के अनुसार आत्मा का वास भृकुटी में होने के कारण ही मनुष्य गहराई से सोचते समय भृकुटि पर हाथ लगाता है। जब वह यह कहता है कि मेरे तो भाग्य खोटे हैं, तब भी वह यहीं हाथ लगाता है। आत्मा का यहां वास होने के कारण ही भृकुटि पर तिलक लगाने की प्रथा है, यहां आत्मा का संबंध मस्तिष्क से जुड़ा है और मस्तिष्क का संबंध शरीर में फैले ज्ञान-तंतुओं से है।

**इसे कैसे जानें?**

जब तक मानव स्वयं को नहीं जानेगा, तब तक वह न तो पूरी तरह से इहलोक को जान पाता है और न ही परलोक में उसे शांति-मोक्ष की प्राप्ति होना संभव है, ऐसा गीता में भी कई जगह कहा गया है। अत: आत्मा को जानने के लिए पहले स्वयं को जानना जरूरी है। जो स्वयं को जान गया, उसे फिर किसी दूसरे ज्ञान की आवश्यकता ही नहीं रहती। विकारयुक्त मानव आत्मा को नहीं जान पाता।

**कैसे मिटें विकार?**

विकारमुक्त रहने के लिए सकारात्मक सोच जरूरी है। सकारात्मक सोच हमेशा अच्छे विचारों व सद्संगति से आती है। अत: जिसे आत्मा को जानना है, सबसे पहले उसे आत्म यानी स्वयं को ही जानना होगा। आत्मा का ज्ञान करवाने में गुरु आपकी मदद तो कर सकता है, पर जानेंगे आप तभी जब स्वयं आप में ही उसे जानने की जिज्ञासा व इच्छाशक्ति होगी। यह इच्छा पैदा करने के लिए अपने-पराये, तेरे-मेरे के भ्रम से मुक्त होना सबसे पहला कदम होगा, क्योंकि ये तत्व ही मनुष्य से अवांछित कर्म करवाते हैं।

**सबसे बड़ी बाधा मोह**

यह मेरा है। वह मेरा कुछ नहीं लगता।ॅ यहीं से भेदभाव होना शुरू होता है और जैसे-जैसे यह भेदभाव बढ़ता है वैसे-वैसे मनुष्य आत्मा व परमात्मा से दूर होता चला जाता है। फिर एक स्थिति वह आती है जब इनके अलावा अन्य कुछ देख ही नहीं पाता। तब उसके व आत्मा के बीच एक अंधेरा छा जाता है, जो उसे सत्य व असत्य् के बीच का फर्क नहीं देखने देता। यह तत्व और कुछ नहीं, संसार है, जो संबंध, अनुबंध व प्रबंधन का खेल खेलकर आत्मा को दबा लेता है। जब तक उसे होश आता है, तब तक मृत्यु लेने आ जाती है। इस प्रकार मनुष्य बार-बार जन्म-मरण के जाल में भटकता रहता है, पर यह जान नहीं पाता कि वह आखिर जन्म लेता ही क्यों है? मरता क्यों है? उसका लक्ष्य क्या है, आत्मा ही उसे यह बता सकती है, इसलिए आत्मा का परिचय पाना मोक्ष की ओर पहला कदम बढ़ाना है।

जीव, ईश्वर और परमेश्वर तीनों एक नहीं हैं। जीव को ही आत्मा और आत्मा को ही परमात्मा कहना ठीक नहीं है। आत्मा, परमात्मा से पैदा होने वाला केवल एक अंश है, जैसे सूर्य की किरणें, सूर्य से पैदा होती हैं। अब सूर्य की किरणों को ही सूर्य समझ लेना बुद्धिमानी नहीं है। किरणें सूर्य का अंश हैं। इसी प्रकार आत्मा भी परमेश्वर से पैदा होती है। आत्मा जीव और परमेश्वर के बीच में काम करती है। जीव के अस्तित्व को शरीर में बनाए रखने का काम आत्मा का होता है। संत कबीर ने लिखा है -'खोजी होय तुरत मिल जाऊं, एक पल की तलाश में। कहे कबीर सुनो भई साधो, मैं तो हूं विश्वास में।' सच तो यह है कि आत्मा को जानने के अथक प्रयास के बावजूद विद्वान नेति-नेति ही कहने को विवश हैं।

-घनश्याम बादल

# मानव की जीवनयात्रा

मानव जब तक प्रेरणायें बाहर से लेगा, दूसरों के जीवन से लेगा या शब्दों से लेगा तब तक उसमें केवल क्षणिक जोश ही उत्पन्न हो पाएगा, परंतु जब उसके भीतर उत्पन्न होने वाले विचारों की सकारात्मकता उसे प्रेरित करेगी तब उसके जीवन में जोश के साथ उल्लास भी पैदा होगा जो उसे ऊर्जा से लबालब कर मानव की जीवनयात्रा को पूर्णता: की ओर ले जायेगा। वैसे जीवनयात्रा की पूर्णता: केवल वेदों का ज्ञान प्राप्त करने से नहीं प्राप्त होती बल्कि जब मनुष्य जीवन मूल्यों के प्रति, समाज के प्रति एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जवाबदेही, समर्पण, ईमानदारी एवं श्रृद्धाभाव को प्रगट करता है तभी वह पूर्णता: की ओर अपने कदमों को बढा पाता है।



लेखक
डा. प्रदीप कुमार उप्पल
(पर्यावरणविद )

समान्यत: ज्यादातर मनुष्यों का जीवन पिता रूपी फलदार वृक्ष एवं माँ की ममता रुपी छांव के तले प्रारंभ होता है जो शने: शने: संस्कार रूपी फलों का स्वाद लेते लेते अपने गंतव्य की ओर चल पडता है। परन्तु जब जीवन छांव से निकलकर चिलमिलाती धूप में चलकर व संघर्ष की अग्नि में तपकर अपने खट्टे मीठे अनुभवों के सहारे पहले विद्यालय फिर महाविद्यालय का सफर तय करता है तब गुरुओं द्वारा की गई ज्ञान की बारिश से तृप्त होकर एक परिपक्व फलदार वृक्ष का रूप लेता है जिसके कर्मों की सकारात्मकता एवं सृजनात्मकता जनमानस व राष्ट्र के प्रति ग्रीष्म ऋतु के चंद्रमा की शीतलता एवं शरद ऋतु में सूर्य की गर्माहट प्रदान करती हैं तथा समाज में वह एक प्रकाशमान दीपक के रूप में प्रज्वलित होता है जिसका प्रकाश ही उसका परिचय देता है।

परन्तु बहुत से ऐसे जीवन है जिन्हें ना तो पिता रूपी फलदार वृक्ष का साया मिला और ना ही माता की ममता की छांव ही प्राप्त हो सकी, ऐसे जीवन गरीबी के साये या फुटपाथ की गोद में पलकर ज्ञान के अभाव में जीवन की आपाधापी में जीवन यापन हेतु दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करते करते ही बीत जाते हैं, परंतु जब-जब ऐसे लोगों ने अपनी आत्मशक्ति जाग्रत की और उन्हें गुरुओं की पूर्ण कृपा प्राप्त हुई तब-तब वह आगे चलकर कबीर, रैदास एवं चंद्रगुप्त भी बने।

जीवन यात्रा की पूर्णता तो केवल दो ही प्रकार के लोगों को प्राप्त होती है प्रथम जो मूढ है, उस शिशु के समान है जिसे अच्छे बुरे का ज्ञान नहीं होता वह तो अग्नि को भी अज्ञानवश स्पर्श करता है एवं बिना परिणाम जाने सर्प को भी निर्भीकता से पकड़ने का प्रयास करता है। दूसरा वह जो सर्वज्ञ है अपनी इंद्रियों को वश में करके अपना जीवन यापन करता है, सुख व दुख में भी सम रहता है ऐसा सर्वज्ञ अपने अहंकार, मोह एवं लोभ का त्याग करने के साथ-साथ संपूर्ण जीवन श्रेष्ठ मुनियों के भांति जीता है। परंतु यह संसार तो केवल अल्पज्ञों से भरा पड़ा है, जिसका मन इंद्रियों के वश में है और वह पूर्णरूप से मोह, माया एवं लोभ के जाल में फंसा हुआ अभिलाषाओं के सागर में डुबा रहता है जिसके फलस्वरूप वह अतृप्त एवं अपूर्ण जीवन ही जी पाता है। किसी भी मानव की जीवन यात्रा में सुख और दुख दो मुख्य किरदार है चूंकि सुख दुख जीवन की बगिया के दो पौधे हैं और मनुष्य स्वयं उसका माली जो राग, द्वेष, अहंकार, महत्वकांक्षा, प्रेम, भक्ति व ज्ञान के बीजों द्वारा इन पौधों का रोपण करता है। ज्यादातर जीवन उस मकड़ी के समान है जो अपने हृदय से निकले रेशम को मुँह द्वारा फैलाकर उसका जाल बुनती है ठीक उसी प्रकार मानव अपने हृदय से निकलने वाले विचारों द्वारा मोहमाया का जाल बुनता जाता है जिसमें फंसकर वह संकुचित होता जाता है और अपनी बाज सी उड़ान खो बैठता है। अंतत: जीवन में जिस प्रकार बादलों के हट जाने पर सूर्य दिखाई देने लगता है ठीक उसी प्रकार जब मनुष्य के जीवन में छाया हुआ अज्ञानता का अंधकार जब छंट जाता है तब अहम, वहम एवं अन्य विकार दूर हो जाते हैं तब जाकर मानव की जीवन यात्रा पूर्णता: को प्राप्त कर पाती है अन्यथा जीवन अधूरा ही रह जाता है।

# आप का राशिफल 12 जून

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो अ
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग। शुभांक-3-5-7

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगें। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

## फिल्म वर्ग पहेली - 5492




**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षण की फिल्म-२
२५. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-२
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरूख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बांके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिसके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैं ने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, रति अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ों' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतूतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फें' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, चंकी, रितुपर्णा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बनाके क्यूँ बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 5491**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6013

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6012 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## धर्म

# रथयात्रा श्रीकृष्ण को दिल में विराजमान करने का उपक्रम

कहते हैं हरि अनंत हरि कथा अनंता। यानी भगवान अनंत हैं, उनका कोई पार नहीं पा सकता और उनकी कथा भी अनंत है। इन कथाओं में एक यह भी है कि श्रीकृष्ण को वृंदावन छोड़े बहुत समय बीत चुका था। एक दिन उन्हें ब्रजवासियों की बड़ी याद सताने लगी। उनसे मिलने के लिए आकुल होकर श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को कुरुक्षेत्र में आमंत्रित किया। प्रभु का निमंत्रण कोई कैसे अस्वीकार करता? नंद बाबा और माता यशोदा सहित बड़ी संख्या में गोप और गोपियां भी आईं।



राधा रानी कैसे पीछे रहतीं? वे भी अपने मुरलीधर को दृष्टिभर देखने के लिए उनके साथ आ गईं। सभी ने कई बरसों बाद अपने गोपाल को देखा था, इसलिए बड़े भाव-विभोर और भावुक थे। लेकिन एक चीज ब्रज के वासियों को खटक रही थी। श्रीकृष्ण पहले जैसे नहीं दिख रहे थे। उनके माथे पर मोर-मुकुट नहीं, सोने का राज मुकुट था, भगवान के गले में वन के रंग-बिरंगे फूलों की माला नहीं सजी थी, बल्कि सोने का भारी भरकम हार था, उनके इर्द-गिर्द न तो रंभाती हुई प्यारी गौएं नजर आ रही थीं, न ही गौएं चराने वाले गोप। वे तो भारी भरकम, विशाल रथों, हाथियों और अपने सैनिकों से घिरे हुए थे। राधा रानी और सभी गोप-गोपियां एक-दूसरे की आंखों में झांक रहे थे। नंद बाबा और माता यशोदा भी आंखों ही आंखों में एक-दूसरे को संदेश दे चुके थे कि हमारा प्रिय गोपाल कहां है? यह तो राजा कृष्ण हैं! यहां न तो यमुना का किनारा है, न वृंदावन के पक्षियों की चहचहाहट... मोर की पीऊं-पीऊं और यमुना के निर्मल जल की कल-कल के बजाय यहां तो रथों के पहियों का कर्कश घर्षण और खड़-खड़ की बेसुरी आवाज सुनने को मिल रही है!

इन चीजों से ऊबकर राधा रानी और अन्य ब्रजवासी श्रीकृष्ण से प्रार्थना करने लगे, 'हे कृपासिंधु! आप वृंदावन चलिए। यहां हमें खुशी का एक कणमात्र भी महसूस नहीं हो रहा है। कहां वृंदावन की माटी की सौंधी सुगंध, आपका वह बेपरवाह गोपालक रूप, यमुना की कल-कल, आपके अधरों पर सजी बांसुरी की मधुर ध्वनि... और कहां यहां का यह रूखापन...। ब्रजवासियों की प्रार्थना से श्रीकृष्ण का कोमल हृदय पिघल गया। कहते हैं कि श्रीकृष्ण को लौटा लाने के लिए वृंदावन वासियों की यह प्रार्थना, तरह-तरह से उनकी मनुहार और गोप-गोपियों द्वारा उनके रथ को खींचकर वृंदावन की ओर ले जाने का यह उपक्रम ही रथयात्रा है।

रथयात्रा से पहले गुंडीचा मार्जन होता है। इस दिन चैतन्य महाप्रभु और उनके भक्त अच्छी तरह गुंडीचा मंदिर की सफाई करते हैं। गुंडीचा मंदिर हमारे हृदय का प्रतीक है और रथयात्रा हमारे दिलों में श्रीकृष्ण को विराजमान करने का उपक्रम है।




## विचार प्रवाह

मां बड़ी है या बेटा? यह प्रश्न पूछने पर दुनिया कहेगी मां बड़ी है। यह सच भी है। लेकिन महावीर एक नये सत्य का उदघाटन करते हैं। वे कहते हैं मां बड़ी है यह निर्विवाद सत्य है लेकिन एक दृष्टि से बेटा बड़ा है, मां छोटी है यह भी सत्य है, कारण कि जब बेटा पैदा होता है तब बेटा ही पैदा नहीं होता, मां भी पैदा होती है। वह स्त्री बेटा पैदा हाने से पहले मां नहीं थी और बेटा मर जाये तो भी मां नहीं रहेगी। उसे मां यह संज्ञा बेटा होने के कारण ही मिली है। पहले बेटा पैदा हुआ, फिर वह मां हुई। इस कारण बेटा बड़ा है और मां छोटी यही है अनेकान्त दृष्टि।

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7084




**बाएँ से दाएँ**

1. सुरक्षित, संरक्षित-4
4. उत्सुकता, जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार, प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट, तश्तरी-3
15. रहस्य, भेद-2
16. जी, चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल, टोंटी-3
24. देवर्षि, देवमुनि-3
26. गुप्तचर, जासूस-2
27. गमन, विदा होना-3
28. ईश्वर, रब-4

**ऊपर से नीचे**

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा, मर्जी-2
3. अंधकार, अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल, कीमत, दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार, अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम, नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत, भाव-2

**शब्द पहेली -7083 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# आधे शहर में हुई जुलाई की पहली झमाझम, आज भी बौछारें पड़ने की संभावना

**भोपाल।** जून माह में तय समय से एक हफ्ता पहले मानसून के आने के बाद राजधानी भोपाल में रुक-रुक कर बौछारें पड़ने का सिलसिला 30 तारीख तक बना रहा। इसके बाद बारिश का क्रम थम सा गया। आठ जुलाई को कहीं-कहीं छिटपुट बौछारें पड़ीं। उधर शनिवार शाम को मेघराज एक बार फिर मेहरबान हुए और पुराने भोपाल शहर और एयरपोर्ट क्षेत्र में चार घंटे में 35.5 मिलीमीटर (लगभग डेढ़ इंच) बरसात हुई। इसके पहले 24-25 जून को शहर में 41.4 मिमी. बारिश हुई थी। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार-सोमवार को भोपाल में तेज बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में मानसून ट्रफ उत्तर-पश्चिम राजस्थान से उत्तरी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। रविवार को बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र भी बनने जा रहा है। ओडिशा पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इसके अतिरिक्त पूर्वी-



पश्चिमी द्रोणिका लाइन (ट्रफ) विदर्भ से होकर गुजर रही है। उधर अरब सागर में भी वेदर सिस्टम बनने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि चार वेदर सिस्टम के सक्रिय होने से मानसून के भी आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। इस वजह से राजधानी सहित पूरे प्रदेश में अच्छी बरसात होने के आसार बन गए हैं। इसी क्रम में शनिवार शाम को पुराने शहर में झमाझम बरसात हुई। रविवार को भी शहर में तेज बौछारें पड़ने के आसार हैं। मानसून सक्रिय होने की संभावना बढ़ने से किसानों को कुछ राहत मिली है। दरअसल जुलाई के पहले सप्ताह में बारिश नहीं होने से फसलें सूखने लगी थी। इससे किसानों को फसल चौपट होने की आशंका सताने लगी थी।

# लोक अदालत में हुआ छह हजार से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण



**भोपाल।** शनिवार को राजधानी भोपाल में लगी राष?ट्रीय लोक अदालत में कुल 6017 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इनमें 2079 सिविल और दांडिक प्रकरण एवं 3938 प्रीलिटिगेशन के मामले निपटे। जिसमें कुल 33 करोड़ 19 लाख 52 हार 617 रुपये की मुआवजा राशि व समझौता राशि निर्धारित कर पारित की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एसपीएस बुंदेला ने बताया कि यह राष?ट्रीय लोक अदालत काफी सफल रही। इसमें जिला न्यायालय के दीवानी, दाण्डिक, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस संबंधी विवाद, प्रीलिटिगेशन, नगर पालिका निगम अधिनियम एवं मोटर दुर्घटना दावा सहित विद्युत अधिनियम के प्रकरण सुनवाई हेतु लिये गये थे, जिनका निराकरण पक्षकारों के मध्य आपसी सुलह-समझौता कर राजीनामा के आधार पर किया गया। प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला न्यायालय भोपाल उपेंद्र कुमार सिंह द्वारा नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। भोपाल जिले में जिला न्यायालय तथा तहसील न्यायालय में 56 खंडपीठों का गठन किया गया था, जिसमें पीठासीन अधिकारियों ने अथक परिश्रम कर नेशनल लोक अदालत में 6017 मामले निराकृत किये। सचिव, जिला न्यायाधीश एसपीएस बुंदेला द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल की ओर से पक्षकारों, इंश्योरेंस कम्पनी के अधिकारियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, न्यायिक प्रशासन, पत्रकारों, अधिवक्ताओं, न्यायालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों का सफल राष?ट्रीय लोक अदालत के लिये आभार व्यक्त किया।

### बिजली से जुड़े 653 मामलों में समझौते से 26.34 लाख मिले

राष्ट्रीय लोक अदालत में विद्युत विवाद संबंधी 653 मामलों में आपसी सुलह हुई है। बिजली कंपनी को इन मामलों में हुए समझौते से 26.34 लाख रुपये मिले हैं। ये सभी मामले भोपाल जिले के हैं। इन मामलों में बिजली चोरी, बिजली बिल बकाया जैसे मामले शामिल हैं।

# उम्मीद की बड़ी कतार के सामने बौनी हुईं व्यवस्थाएं

**भोपाल।** टीककरण को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। अप्रैल में लोग बुलाने के बाद भी टीका लगवाने के लिए आगे नहीं आ रहे थे। अब टीका लगने की उम्मीद में लंबी-लंबी कतार में लग रहे हैं। कई लोग तो ऐसे हो पिछले पांच टीकाकरण दिनों में कतार में लगने के बाद निराश होकर लौट गए। उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया की टीका खत्म हो गया है। शनिवार को शहर में लगाए गए टीकाकरण शिविर में ऐसे लोगों का दर्द छलक पड़ा। परेशान लोगों ने अव्यवस्थाओं पर सरकार को कोसा। बागेसेवनिया में विश्वकर्मा मंदिर परिसर में लगाए गए टीकाकरण केंद्र में भारी भीड़ उमड़ी। कतार में आगे पहुंचने के लिए लोग धक्का-मुक्की कर रहे रहे थे। कई लोग बिना मास्क के थे। यहां लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी अपने लोगों कतार में आगे लगा रहे हैं। ऊपर से धमकी दे रहे हैं।



### भोपाल में आई स्पूतनिक

प्रदेश में भोपाल में कोरोना से बचाव का स्पूतनिक-वी टीका भी लगने लगा है। शुक्रवार से एक निजी अस्पताल ने यह टीका लगाने की शुरुआत की है। एक डोज 1145 रुपये में लगवाई जा सकेगी। बता दें कि भोपाल में कई लोग स्पूतनिक के इंतजार में थे, इसलिए उन्होंने कोविशील्ड और कोवैक्सीन नहीं लगवाई थी। कुछ निजी अस्पतालों में कोविशील्ड भी 14 जून से लगाई जा रही है।

### एक बजे तक सभी केंद्रों में खत्म गया टीका

कोविशील्ड का पहला और दूसरा दोनों डोज लगाए गए, जबकि कोवैक्सिन का सिर्फ दूसरा डोज लगाया गया। कोविशील्ड के दोनों डोज के लिए 73 और कोवैक्सीन का टीका लगाने के लिए 26 केंद्र बनाए गए थे। इसके अलवा नगर निगम के अधीन हर वार्ड में एक टीम ने शिविर लगाकर टीकाकरण किया। इन शिविरों में भी जरूरत के लिहाज से टीका कम पड़ गया। सीएमएचओ की तरफ से पहले डोज के लिए 150 और दूसरे के लिए 100 मिलाकर 250 डोज कोविशील्ड के दिए गए थे जो एक बजे तक खत्म हो गए। इसके बाद लोगों को निराश लौटना पड़ा। इसी तरह से एसडीएम के अधीन भी कुछ टीमें बनी थीं, लेकिन उनके पास भी टीका दोपहर तक खत्म हो गया। पहले से तय केंद्रों में 200 से लेकर 1000 लोगों को टीका लगाया गया। शहरी क्षेत्रों में पूर्व से तय टीकाकरण केंद्रों में अपरान्ह तीन बजे तक सिर्फ पूर्व ऑनलाइन बुकिंग वालों को टीका लगाया गया। बचे डोज तीन बजे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों को लगाए। शिविरों में बिना पूर्व पंजीयन के भी टीका लगाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन के साथ ही मौके पर पहुंचे लोगों का भी टीकाकरण किया गया।



## अभाविप के कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

भोपाल । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 73वें स्थापना दिवस को परिषद की भोपाल इकाई ने विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान भोपाल शहर के 101 स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामाजिक सरोकार थीम पर आयोजित कार्यक्रमों में वृक्षारोपण, पाठ्य सामग्री वितरण, खेल, बौद्धिक, वैक्सीनेशन ड्राइव आदि जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के समापन अवसर पर सभी अभाविप के कार्यकर्ताओं ने भारत माता चौराहे पर एकत्रित होकर भारत माता की आरती की और सामाजिक कार्यों के साथ विद्यार्थी हित में कार्य करने की शपथ ली। अभाविप के 73वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने 73 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही विश्वविद्यालय के क्रीड़ा विभाग में बालीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अभाविप की कोलार शाखा द्वारा पिछले कई महीनों से चल रही %परिषद की पाठशाला% के बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी गई। वहीं एक अन-?य स्थान पर बस्ती के बच्चों ने परिषद परिचय नाम से कार्यक्रम किया। स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री गजेंद्र तोमर, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, चेतस सुखाडिया, प्रांत संगठन मंत्री प्रवीण शर्मा आदि भी शामिल हुए।

### टीकाकरण केंद्र पर बांटे पौधे

अभाविप कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस को सेवा कार्य के रूप में मनाने के लिए टीकाकरण केंद्रों पर जाकर लोगों को टीका लगवाने के उपरांत पौधे भी उपहार में दिए। इसके अलावा अभाविप के कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित भी किया।

## कॉलेज छात्राओं ने ऑनलाइन सीखा मेहंदी लगाने का हुनर



**भोपाल।** मेहंदी लगाना भी एक कला है। इसे सुख, समृद्धि और खुशी का प्रतीक माना जाता है। शुभ अवसरों पर मेहंदी जरूर लगाना चाहिए। शहर के उपनगर बैरागढ़ में स्थित संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में मेहंदी एक कला% विषय पर आयोजित कार्यशाला के दौरान प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं के लिए स्वयं के गुणों को विकसित करने के साथ आत्मनिर्भर बनाने का सहज मार्ग है। मेहंदी लगाने की कला सभी को आना चाहिए। मांगलिक अवसरों पर हम सभी मेहंदी जरूर लगाते हैं। यदि इस कला में पारंगत होंगे तो हम स्वयं ही मेहंदी लगा सकते हैं। कुछ लोग इस कला में इतने पारंगत होते हैं कि लोग उनसे ही मेहंदी लगवाते हैं। यह रोजगार का साधन भी बन सकती है। यह कला सीखकर छात्राएं भविष्य में आय भी प्राप्त कर सकती हैं।

# जिले के पांच सरकारी स्कूलों को स्वच्छ विद्यालय का पुरस्कार



**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने की कार्ययोजना के क्रियान्वयन के संबंध में आदेश जारी किए गए थे। इसे लेकर सरकारी स्कूलों में स्वच्छ विद्यालय अभियान चलाया गया। इसके तहत स्कूलों में रंगाई-पुताई, पानी की टंकी की सफाई, शौचालय की साफ-सफाई, भवन मरम्मत, पुस्तकालय को व्यवस्थित करना, फर्नीचर और अलमारियों की मरम्मत और पेंट, स्कूल में किचन गार्डन और गार्डन को विकसित करना था। इसमें भोपाल जिले के पांच सरकारी स्कूलों को स्वच्छ विद्यालय का पुरस्कार मिला। इसमें प्रथम स्थान माध्यमिक शाला जसलोक बैरागढ़, दूसरा स्थान शासकीय माध्यमिक शाला राजभवन स्कूल और शासकीय माध्यमिक शाला लाम्बाखेड़ा को मिला है। वहीं तीसरा स्थान शासकीय प्राथमिक शाला सूरजनगर व शासकीय प्राथमिक शाला हर्राखेड़ा को शाला भवन की रंगाई, पुताई एवं गार्डन की साफ-सफाई आदि के लिए स्वच्छ विद्यालय में चयन किया गया है। वहीं शासकीय माध्यमिक शाला राजभवन में रंगाई, पुताई, परिसर की साफ-सफाई, पानी की टंकी की सफाई, शौचालय का मरम्मत और साफ-सफाई, पौधारोपण कार्य और पानी की टंकी की सफाई की गई है। वहीं प्राथमिक शाला सूरजनगर में रंगाई-पुताई रिपेयरिंग, पानी की टंकी की सफाई, शौचालय की मरम्मत, साफ-सफाई, पुस्तकालय और गार्डन, दरवाजे, खिड़कियों की मरम्मत एवं पेंट किया गया है। प्राथमिक शाला सूरजनगर के प्रधानाध्यापक सुभाष सक्सेना का कहना है कि स्कूल में करीब 100 से अधिक पौधे लगाए गए हैं, साथ ही साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाता है। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए स्कूल में सैनिटाइजेशन कराया जाता है। इन दिनों स्कूलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम चल रहा है। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बागसेवनिया में वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य शिक्षा यादव ने शिक्षकों के साथ मिलकर स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया।

# राजभवन के सभागार का एसी खराब, लिफ्ट बंद, इंजीनियरों पर गिरेगी गाज



**भोपाल।** राज्यपाल मंगूभाई पटेल का राजभवन के जिस सभागार में शपथ ग्रहण समारोह होना था, वहां का एयर कंडीशनर एक दिन पहले खराब था। इतना ही नहीं प्रथम तल पर जाने के लिए लगी लिफ्ट भी बंद थी। यह जानकारी तब सामने आई जब सामान्य प्रशासन, लोक निर्माण सहित विभाग के अधिकारी राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के लिए राजभवन में जुटे थे। इस दौरान सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने सभागार में गर्मी महसूस की और जब इसकी पड़ताल की गई तो पता लगा कि एयर कंडीशनर खराब है। इसी तरह लिफ्ट भी नहीं चल रही थी। राज्यपाल को सीढ़ियों से जाना पड़ा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदार इंजीनियरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। बताया जा रहा है कि इन्हें निलंबित किया जाना प्रस्तावित है।गुरुवार को राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह था। बुधवार को व्यवस्थाएं देखने गए अधिकारियों को जब सभागार में गर्मी महसूस हुई तो उन्होंने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई को पूरी जानकारी दी। उन्होंने इंजीनियरों को भेजकर एयर कंडीशनर की जांच कराई गई। इसमें पता चला कि वह खराब है। आनन-फानन में इसे सुधरवाने का काम हुआ, जो रात साढ़े 11 बजे तक चलता रहा। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता अखिलेश अग्रवाल मौजूद रहे। हालांकि, लिफ्ट में सुधार नहीं हो सका। जबकि, यह गारंटी पीरियड में है और इसके संधारण का जिम्मा कंपनी के पास ही है। मंडलोई ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदारी इंजीनियरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उधर, प्रमुख अभियंता ने कहा कि यह गंभीर लापरवाही का मामला है। सेंट्रल एसी से संबंधित दो मशीन काम नहीं कर रही थीं। लिफ्ट भी बंद थी। अनुविभागीय विभागीय अधिकारी और उपयंत्री की जिम्मेदारी होती है कि वे समय-समय पर परीक्षण करते रहें। यह स्थिति तब है जब तीन दिन पहले कार्यक्रम आ गया था। सबको पता था कि शपथ समारोह में अति विशिष्ट व्यक्ति आएंगे।

# कोचिंग संचालकों की मांग, छात्रों की 50 फीसद उपस्थिति के साथ खोले जाएं संस्थान

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण के कारण राजधानी के करीब 300 और पूरे प्रदेश के हजारों कोचिंग संस्थान करीब दो साल से बंद हैं। इससे छात्रों की बेसिक फीस भी प्राप्त नहीं हो पा रही है। अब सबकुछ अनलॉक होने के बावजूद कोचिंग संस्थान बंद होने से संचालकों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। कोचिंग संस्थानों ने 50 फीसद की उपस्थिति के साथ संस्थान खोलने की मांग की है। भोपाल कोचिंग संस्थान एसोसिएशन द्वारा इसी मुद्दे पर एक होटल में बैठक का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के संयोजक आनंद सबधाणी ने प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से गुहार लगाते हुए मांग की है कि 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ कोचिंग संस्थानों को खोलने की अनुमति दी जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई भी शुरू हो सके। उन्होंने बताया कि संगठन पहले भी भोपाल सहित प्रदेशभर के कोचिंग संस्थानों को खोलने की अनुमति देने के संबंध में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, चिकित्सा शिक्षामंत्री विश्वास सारंग और कलेक्टर अविनाश लवानिया को ज्ञापन सौंपते हुए गुहार लगा चुका है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई निर्णय नहीं लिया। राजधानी में 300 से ज्यादा कोचिंग संस्थान हैं। चार महीनों से कोचिंग बंद होने से इनमें से कई तो ऐसे हैं, जो पूरी तरह से ही बंद होने की कगार पर आ गए हैं। भोपाल के कोचिंग संस्थानों को लॉकडाउन के चलते करीब 15 करोड़ रुपये से अधिक और पूरे प्रदेश भर के संस्थानों को 500 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा है।



# लॉकडाउन में हुए थे अलग, शादी की सालगिरह पर फिर हो गए एक

**भोपाल ।** इसे संयोग ही कहेंगे कि एक दंपती की शादी की सालगिरह भी शनिवार को थी और लोक आदालत में समझौते का दिन भी। यह दिन उनके लिए और भी यादगार तब बन गया, जब राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत कुटुंब न्यायालय में दंपती ने शपथ-पत्र भरकर एक-दूसरे का साथ निभाने का वादा किया। इस पर कोर्ट में उपस्थित जज और काउंसलर ने उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। दरअसल, उक्त दंपती ने पांच साह पहले प्रेम विवाह किया था और उनकी दो बेटियां हैं। पत्नी एमबीए पास है और एक कंपनी में जॉब करती है, जबकि पति का व्यवसाय है। पिछले साल लॉकडाउन में पति का व्यवसाय बंद हो गया और पत्नी घर से ही काम करने लगी थी। इस बीच पत्नी ने पति से बेटियों की देखभाल करने के लिए कह दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। बात इतनी बढ़ी कि पत्नी नाराज होकर बेटियों के साथ मायके चली गई। इसके बाद पति ने कुटुंब न्यायालय में पत्नी को मायके से वापस बुलाने का केस लगा दिया था। इस बीच न्यायालय ने तीन से चार बार दोनों को बुलाकर काउंसिलिंग की, जिसके बाद दोनों ने हमेशा साथ रहने पर सहमति दी। बता दें शनिवार को कुटुंब न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश आरएन चंद की कोर्ट में 53, न्यायाधीश योगेश दत्त शुक्ल की कोर्ट में 49 और न्यायाधीश संजय कृष्ण जोशी की कोर्ट में 30 पारिवारिक विवादों का निपटारा किया गया। न्यायालय में जिन दंपतियों के बीच समझौता हुआ, उन्हें पौधा भेंट कर साथ भेजा गया।



### बेटों ने पिता को एक लाख 12 हजार रुपये भरण-पोषण की राशि दी

पुराने शहर में रहने वाले 79 वर्षीय एक बुजुर्ग का उनके चार बेटों के साथ समझौता कराया गया। चारों बेटों ने मिलकर पिता को एक लाख 12 हजार 500 रुपये के भरण-पोषण की राशि दी। दरअसल, बुजुर्ग ने अपनी संपत्ति को चारों बेटों के नाम कर दिया था, लेकिन बेटे व बहू उनका ख्याल नहीं रखते थे। इससे परेशान होकर तीन साल पहले बुजुर्ग ने बेटों के खिलाफ भरण-पोषण का केस लगा दिया था। हालांकि कोर्ट से भरण-पोषण तय हुआ, लेकिन कोई दे नहीं रहा था। इसे लेकर बुजुर्ग पिता ने फिर अपने तीन बेटों के खिलाफ केस लगाया। कोर्ट में बेटों ने अपने पिता से माफी मांगी और फिर सभी एक साथ घर गए।

### पत्नी ने मांगी माफी, फिर हुआ समझौता

शादी के 17 साल बाद एक दंपती के बीच मनमुटाव इतना बढ़ा कि पत्नी ने बच्चों सहित पति को घर से निकाल दिया। घटना 23 जून 2020 की है। दरअसल, जिस मकान में वे लोग रह रहे थे, वह पत्नी की नाम पर है। झगड़े के बाद पति भी किराए पर घर लेकर अपनी मां और बच्चों के साथ रहने लगा था। मामले में पति ने तलाक का केस भी लगाया। लोक अदालत में दोनों के बीच समझौता कराया गया। इस दौरान पत्नी ने सबके सामने माफी मांगी, तब जाकर पति उसके साथ रहने के लिए तैयार हुआ।

## ब्लाक स्तर पर भी मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहना चाहिये

# प्रभारी मंत्री ने ली जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक



*नरसिंहपुर यभाप्र। मध्यप्रदेश शासन के वन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने जिले में कोरोना संक्रमण एवं तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों के मद्देनजर जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक ली।*

इस बैठक में राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, विधायक जालम सिंह पटैल, अभिलाष मिश्रा, कलेक्टर वेद प्रकाश, एसपी विपुल श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर मनोज ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत केके भार्गव मौजूद थे। प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने सीएमएचओ डॉ. मुकेश कुमार जैन को निर्देश देते हुए कहा कि हर ब्लाक मुख्यालय पर डिजिटल एक्स- रे मशीन एवं सेल काउंटर मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। ब्लाक स्तर पर भी मरीजों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है। इसके तहत हर ब्लाक में एम्बुलेंस, अत्याधुनिक चिकित्सकीय सामग्री एवं शव वाहन उपलब्ध रहे। इसके लिए जिले के दानदाताओं, समाज सेवी संस्थाओं से भी सहयोग प्राप्त करें। कोरोना संक्रमण के दौरान जिले में दानदाताओं द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया गया, जो सराहनीय है। एक्स- रे मशीन एवं सेल काउंटर मशीन के संचालन के लिए संविदा नियुक्ति करने के निर्देश भी उन्होंने बैठक में दिये। इसके अलावा तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए जिले में 25 वेंटीलेटर युक्त बेड की तैयारी भी पूर्व से रखने के लिए कहा। कलेक्टर वेद प्रकाश ने अवगत कराया कि वर्तमान में बच्चों के लिए 8 वेंटीलेटर बेड एवं अन्य मरीजों के लिए 11 वेंटीलेटर बेड की व्यवस्था है।

उन्होंने सीएमएचओ डॉ. जैन को निर्देश देते हुए कहा कि जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं की प्राथमिकता पहले से तय करें और उस दिशा में सक्रियता से कार्य करें। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में कोविड टीकाकरण के तहत 8 जुलाई तक 2 लाख 88 हजार 250 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। इसमें 2 लाख 37 हजार 447 व्यक्तियों को प्रथम डोज एवं 50 हजार 803 व्यक्तियों को द्वितीय डोज लगाये जा चुके हैं। बैठक में प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने निर्देश दिये कि 2 अक्टूबर 2021 तक जिले में कोविड टीकाकरण का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया जावे। इसके लिए प्रभावी रणनीति बनाकर उस पर अमल सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री कोविड 19 बाल सेवा योजना के तहत आने वाले आवेदनों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि उक्त योजना के तहत जो आवेदन रिजेक्ट हुये हैं, उनका परीक्षण कर जानकारी प्रस्तुत करें। कोरोना संक्रमण के दौरान जिन बच्चों के माता-पिता या अभिभावक का निधन हो गया है, उन्हें शासन द्वारा प्रदान की जा रही योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से प्राप्त हो।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित समेकित बाल संरक्षण योजनांतर्गत स्पांसरशिप का भी लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलायें। विदित है कि बच्चों के जीवन में सुधार लाने एवं उनकी चिकित्सा, पोषण, शिक्षा एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए राज्य सरकार इस योजना के अंतर्गत समुदाय अथवा बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को 2 हजार रूपये की राशि प्रदान करेगी। इसके अलावा प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जिले में जनजागरूकता अभियान चलाकर मोटर साइकिल में तीन सवारी, बगैर हेलमेट वाहन चलाने वालों को समझाइश दी जाये। इसके लिए ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक मीटिंग आयोजित कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण किया जा सके। ट्रेक्टर-ट्रालियों में रेडियम पट्टी लगी हो एवं उनका इंश्योरेंस हो, इसकी भी चैकिंग की जाये। उन्होंने इस दिशा में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 15 अगस्त 2021 तक परिणाम मूलक कार्रवाई सुनिश्चित की जावे। इसके अलावा निरंतर रोको- टोको अभियान का भी सख्ती से पालन करवाया जाये।

बैठक में सीएमएचओ डॉ. जैन द्वारा जिले में कोविड 19 की रोकथाम एवं बचाव के लिए की गई तैयारियों को पॉवर प्वाइंट प्रजेटेंशन के माध्यम से बताया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में सिर्फ एक एक्टिव केस है। उन्होंने कोविड 19 सेंपल, जिले में संचालित फीवर क्लीनिक, पॉजीटिविटी दर एवं स्वस्थ हुये व्यक्ति, कोविड टीकाकरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना पटैल, ठा. राजीव सिंह, डॉ. संजीव चांदोरकर, मनमोहन बंटी सलूजा और समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने रोपा अशोक का पौधा


वन महोत्सव के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के वन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने सर्किट हाऊस परिसर नरसिंहपुर में अशोक का पौधा रोपा। यहां अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। सर्किट हाऊस परिसर में आम, अमरूद, पीपल, बरगद, बादाम आदि के पौधे रोपे गये। इस अवसर पर कलेक्टर वेद प्रकाश, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, मुख्य वन संरक्षक सिवनी आरएस कोरी, वन मंडल अधिकारी महेन्द्र सिंह उईके, अभिलाष मिश्रा, अपर कलेक्टर मनोज ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे, एसडीएम आरएस बघेल व राजेश शाह अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।



## होनहार युवा संयम जैन का टीयूएम जर्मनी में चयन

**करेली यभाप्र।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी संजय कुमार जैन लल्ला ट्रेडर्स के सुपुत्र संयम जैन का जर्मनी के प्रथम और विश्व के 25वें नंबर के विश्वविद्यालय टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफम्युनिक टीयूएम में चयन हुआ है। संयम जैन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा, करेली नगर के विद्यालय कार्मेल स्कूल से प्राप्त की। उनकी विलक्षण क्षमता एवं धार्मिक रुचि को देखते हुए उनके माता-पिता ने उनका एडमिशन आठवी कक्षा में ही अलीगढ़ स्थित सुप्रसिद्ध जैन स्थल तीर्थधाम मंगलायतन में कराया। वहाँ उनकी लौकिक पढ़ाई दिल्ली पब्लिक स्कूल से हुई जिसमें वो निरंतर अव्वल अंकों से उत्तीर्ण होते गए।

तीर्थधाम मंगलायतन में जैन शिक्षा एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल में लौकिक शिक्षा दोनों ही शिक्षाओं का एक अतुल्य संतुलन बरकरार रखते हुए संयम ने सारी ही गतिविधियों में सदैव ही अपने हुनर की चमक दिखाई है। डीपीएस से ही संयम ने अपने आईआईटी एग्जाम की तैयारी की और बिना किसी कोचिंग इंस्टिट्यूट की मदद के उन्होंने आईआईटी एग्जाम को उत्तीर्ण भी कर लिया। उनका हमेशा से सपना था कि वो सर्वोच्च शिक्षा के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थान आईआईटी बॉम्बे में पढ़ें और उनके पास आईआईटी खड़गपुर जैसे बड़े-बड़े कॉलेजेस में एडमिशन लेने का मौका हस्तगत भी था परंतु अपना मनपसंद विषय न मिलने के कारण उन्होंने अपनी इस खोज को जारी रखा। इसी खोज के दौरान उन्होंने जर्मनी की शैक्षणिक पद्धति से प्रभावित होकर जर्मनी जाने का निश्चय किया किन्तु दूर से आसान एवं सुगम दिखने वाले मार्ग उतने ही पथरीले और दुर्गम हुआ करते हैं। संयम के समक्ष सबसे प्रथम चुनौती थी जर्मन भाषा सीखना क्योंकि वहाँ अंग्रेजी भाषा का इतना प्रचलन नहीं है। किन्तु जिनका संकल्प दृढ़ हो वो मंजिल की चिंता करते हैं, मार्ग की नहीं और इसी संकल्प राह पर बढ़ते हुए उन्होंने शीघ्र ही जर्मन भाषा के चारों लेवल को उत्तीर्ण कर लिया और अब वह टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफम्यूनिक टीयूएम में अपने नये शैक्षणिक जीवन का सुनहरा सफर प्रारंभ कर रहे हैं। संयम का कहना है कि करेली का कोई भी युवा विदेश में शिक्षा या जॉब के लिए जाने के इच्छुक हो वे उनकी पूर्ण सहायता करना चाहते हैं। इस उपलब्धि पर परिजनों सहित सभी शुभचिंतकों ने संयम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### करेली नगर को किया गौरवान्वित

## नगर के वृद्धाश्रम के प्रथम तल का उन्नयन, राम मंदिर में बनेगें अतिरिक्त कक्ष

## राज्यसभा सांसद ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन





**करेली यभाप्र।** नगर का वृद्ध सामुदायिक सदन धर्म, संस्कृति एवं साहित्य चेतना का केंद्र बने, यहां केवल विचार विमर्श हों। पूर्व नपा अध्यक्ष स्वर्गीय शालिगराम पालीवाल ने नगर में यह बुनियाद रखी थी। नगर में चेतना को जगाने का काम वरिष्ठ जनों ने किया है। उम्र का कोई बंधन नहीं है, हम ऊर्जावान हैं। शुकवार सुबह विद्या प्रसाद शर्मा वृद्ध सामुदायिक सदन मैं जिले के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने नगर के वृद्ध सामुदायिक सदन में प्रथम तल के निर्माण के लोकार्पण सहित नगर के अग्रणी देवालय श्री राम मंदिर स्थित सुमन भागवत मंच के पास अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उक्ताशय के उदगार व्यक्त किये।

सांसद श्री सोनी ने कहा कि नगर में 15 लाख की राशि से कमानिया गेट के सौंदर्यीकरण, हर्रई माता मंदिर परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों सहित उत्कृष्ट विद्यालय में 49 लाख की लागत से विशाल ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रहा है। मजदूर भवन के बाहर सीढ़ियां भी बनाई जाएगी। नगर को एक और श्मशान घाट की जरूरत है जिस दिशा में प्रयास किए जाएंगे। वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष ताराचंद पाराशर ने कहा कि वृद्ध सामुदायिक सदन में धार्मिक सामाजिक साहित्य आयोजनों के अलावा मेडिकल कैंप आदि नियमित होते रहते हैं। वृद्ध आश्रम के प्रथम तल का लोकार्पण में वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष ताराचंद पाराशर की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विश्वनाथ सोनी, रमेशचंद कोचर, शिव नारायण शुक्ला के विशिष्ट आतिथ्य रहा वहीं श्री राम मंदिर सुमन भागवत मंच के पास अतिरिक्त कक्ष के भूमि पूजन का कार्यक्रम में रामजी लाल आचार्य की अध्यक्षता एवं महेश चौरसिया भोले, हरिओम ममार के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उदय ठाकुर ने एवं आभार प्रदर्शन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अखिलेश ज्योतिषी ने किया। राम मंदिर में भूमिपूजन प्रधानाचार्य पं. शिवनारायण दुबे की समुपस्थिति में पं. योगीराज तिवारी द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में कोदूलाल पटेल, जगदीश मिश्रा, हरिदास नेमा, बीएस राजपूत, सुरेश नेमा, नारायण श्रीवास्तव, मुन्नालाल नामदेव, लेखचन्द कोचर, अरविंद गुप्ता, उपेंद्र काले, गौतम जैन, सुरेंद्र मोहन नेमा, नीरज लूनावत, कमलेश कौरव, बृजेश माते, संदीप ममार, रजत चौहान, कमल राजपूत, शिवकुमार चौहान, मुकेश रघुवंशी, शंकरलाल अग्रवाल, रामनाथ चौबे, तेजराम सोनी, सीताराम खरे, उदयशंकर खत्री, दिनेश अग्रवाल, भागीरथ तिवारी, राकेश बड़कुर, महेश साहू, रशीद भाईजान, जितेंद्र स्वामी, गोपाल सेन, अंकित दीक्षित, शशांक पटेल, अखिलेश रघुवंशी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## समय सीमा में तेजी से पूर्ण किये जायें निर्माण कार्य-डॉ. शाह

**नरसिंहपुर यभाप्र। मप्र शासन के वन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा जिले में कोविड 19 की स्थिति एवं वैक्सीनेशन, मूंग खरीदी, खरीफ फसल की तैयारी और निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई और पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा हुई।**



बैठक में राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, विधायक जालम सिंह पटैल, संजय शर्मा एवं श्रीमती सुनीता पटैल, अभिलाष मिश्रा, कलेक्टर वेद प्रकाश, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, डीएफओ महेन्द्र सिंह उईके, अपर कलेक्टर मनोज ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत केके भार्गव समिति के सदस्य और अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने निर्देश दिये कि जिले में अवैध रेत खनन एवं परिवहन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जावे। उन्होंने जिले में कोविड टीकाकरण की जानकारी ली और निर्देश दिये कि जिले में शतप्रतिशत कोविड टीकाकरण का लक्ष्य टीम बनाकर सुनिश्चित करें। गांव की आबादी के अनुसार वैक्सीन के डोज की उपलब्धता रखने के भी निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बैठक में दिये।

बैठक में जिले में मूंग खरीदी की समीक्षा की गई। जिले में पहली बार समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द की खरीदी शुरू होने पर मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव बैठक में पारित किया गया। बैठक में बताया गया कि मूंग खरीदी के लिए प्रतिदिन 625 मैसेज किये जा रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिन किसानों के पंजीयन किये गये हैं, उनसे खरीदी हो और मूंग खरीदी की प्रगति की रिपोर्ट प्रति सप्ताह प्रस्तुत की जावे। नैनो यूरिया का उपयोग प्रयोग के तौर पर प्रारंभ किया जाये। जिले के हर ब्लाक में इसके उपयोग का प्रदर्शन कर किसानों को प्रेरित किया जावे। उप संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत जिले की जैविक दाल गाडरवारा एवं करेली का गुड़ भोपाल एवं इंदौर हाट बाजार में विक्रय किया गया। मंत्री डा.शाह ने कहा कि जिले के 6 ब्लाक में 6 स्वसहायता समूहों द्वारा परम्परागत ढंग से दाल निर्माण करवाया जाये, जिससे जिले की दाल को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिले। इसके अतिरिक्त सेनेटरी नेपकिन निर्माण के लिए भी स्वसहायता समूहों को तैयार किया जाये। इसके लिए स्वसहायता समूहों को हर संभव सहायता भी प्रदान की जायेगी।

निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधूरे निर्माण कार्यों को समय सीमा में शीघ्रता से पूर्ण किया जाये, इनमें अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिये। निर्माण कार्य में अगर कुछ अवरोध हो, तो इससे भी अवगत कराया जाये। प्रगतिरत निर्माण कार्यों की स्थिति 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश भी उन्होंने बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि जनहित के लिए किये जा रहे सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए यदि कोई व्यक्ति दान में जमीन देता है, तो उनके परिजन के नाम से संबंधित निर्माण कार्य का नामकरण किया जा सकता है। जिले की 100 बिस्तरीय हॉस्पिटल परिसर में बगीचा विकसित किया जावे एवं पार्किंग स्थल के लिए स्थान चिन्हांकित कर समुचित व्यवस्था की जावे। इस बारे में संबंधित अधिकारी आवश्यक कार्रवाई कर अवगत करायें। ग्राम पंचायत स्तर पर निर्माणाधीन कार्य रेत के अभाव में बाधित न हो, इसकी भी व्यवस्था की जाये। प्रभारी मंत्री ने सामाजिक न्याय विभाग प्रभारी उप संचालक श्रीमती अंजना त्रिपाठी को निर्देश देते हुए कहा कि जिला मुख्यालय पर एक सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम निर्मित किये जाने का प्रस्ताव भेजें, जिसमें 100-100 सीटर महिला एवं पुरूष विंग पृथक से हो। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित किया जावे। प्रारंभ में 5 गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर प्रेरित किया जाये। प्लास्टिक के स्थान पर धातु के बर्तनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जावे। इसके लिए उन्होंने जिले में प्रयोग के तौर पर स्वसहायता समूहों को बैटरी चलित ऑटोरिक्शा प्रदान करने की बात भी कही, जिसमें वैवाहिक समारोह या अन्य कार्यक्रमों के लिए आवश्यक बर्तन उपलब्ध कराये जा सकें। इससे स्वसहायता समूहों को आमदनी होगी और पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में सकारात्मक पहल हो सकेगी। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में भी दिवस निर्धारित कर टीएल बैठक आयोजित की जाये। इसमें ग्राम स्तरीय अमला मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण



**नरसिंहपुर यभाप्र।** मप्र शासन के वन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओंए लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं आदि का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री डॉण् शाह ने मरीजों से चर्चा कर उनका हाल जाना।



प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने ओपीडी, एकीकृत शिशु चिकित्सा इकाई, शिशु वार्ड, बाल्य गहन चिकित्सा इकाई, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पोस्ट नेटल वार्ड, पोषण पुनर्वास केन्द्र एनआरसी, टीबी आईसोलेशन वार्डए स्टोर कक्ष और विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में उपलब्ध बेड की जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक जालम सिंह पटैल, कलेक्टर वेद प्रकाश, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, अभिलाष मिश्रा, अपर कलेक्टर मनोज ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एआर मरावी, अन्य चिकित्सक व अधिकारी और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद था।

जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने ओपीडी और विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से रूबरू चर्चा की। उन्होंने भर्ती मरीजों को अपना परिचय देते हुए बताया कि मैं जिले का प्रभारी मंत्री हूं और मुझे मुख्यमंत्री ने आप लोगों को शासन की ओर से मिलने वाली नि: शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं, अस्पताल की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई आदि की जानकारी लेने भेजा है। उन्होंने मरीजों से दवाईयों की उपलब्धता और भोजन समय पर मिलने के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि ये सुविधायें शासन की तरफ से नि: शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रभारी मंत्री ने पूछा कि आप लोगों से कोई पैसा तो नहीं लेता। आप शासन से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं से संतुष्ट हैं। इस पर मरीजों व उनके परिजनों ने बताया कि उन्हें समय पर दवाईयां और भोजन नि: शुल्क मिलता है। वे शासन से मिलने वाली सुविधाओं से संतुष्ट हैं। प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने विभिन्न वार्डों में उपलब्ध सुविधाओं की वीडियोग्राफी कराकर उन्हें देने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने लिफ्ट संचालन का अवलोकन करते हुए अटेंडर रखने और इसमें समुचित साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये।

# ट्रोल हुई शिखा सिंह ने तोड़ी चुप्पी



छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री शिखा सिंह इन दिनों अपनी टॉपलेस तस्वीर की वजह से काफी सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी दो तस्वीरें साझा की थीं। एक तस्वीर में शिखा सिंग टॉपलेस अपने बिस्तर पर लेटी हुई दिखाई दे रही थीं

नई दिल्ली, जेएनएन। छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री शिखा सिंह इन दिनों अपनी टॉपलेस तस्वीर की वजह से काफी सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी दो तस्वीरें साझा की थीं। एक तस्वीर में शिखा सिंग टॉपलेस अपने बिस्तर पर लेटी हुई दिखाई दे रही थीं, वहीं उनकी दूसरी तस्वीर ब्रेस्टफीडिंग की थी। जिसमें शिखा सिंह अपने बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग करवाती हुई नजर आ रही थीं।

इन दोनों तस्वीरों को साझा करने के बाद शिखा सिंह को कई सोशल मीडिया यूजर्स ने जमकर ट्रोल किया था। अब ट्रोल होने पर उन्होंने चुप्पी तोड़ी है। साथ ही यह भी बताया है कि उन्होंने अपनी टॉपलेस तस्वीर क्यों साझा की थी। शिखा सिंह ने अंग्रेजी वेबसाइट टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत की। इस दौरान शिखा सिंह ने अपनी टॉपलेस तस्वीर को लेकर लंबी बात की। उन्होंने कहा है, %मैंने एक बार पहले भी ब्रेस्टफीडिंग की एक तस्वीर साझा की थी और तब भी लोगों ने मुझ पर सवाल उठाए थे। पहली बात तो यह कि मुझे लोगों के कमेंट और सोच से कोई फर्क नहीं पड़ता है। दूसरी बात मैं ब्रेस्टफीडिंग को समाज में नॉर्मल करना चाहती हूं। हाल ही में जो मैंने जो तस्वीर साझा की है, उसमें मैं अपनी बेबी को फीड करा रही हूं। शिखा सिंह ने आगे कहा, %तस्वीर ऐसे एंगल से ली गई है कि आप बेबी को नहीं देख सकते। लोगों को बिकिनी तस्वीर से दिक्कत नहीं है, लेकिन अगर मैं ऐसी तस्वीर साझा कर दूं तो इतना ड्रामा होता है। लोगों ने उस तस्वीर को न्यूड बता दिया है, जो वह नहीं है।% यह पूछे जाने पर कि वह ट्रोल करने वालों का कैसे सामना करती है तो इस पर शिखा सिंह ने कहा, %शुरुआत में मैं परेशान हुई क्योंकि लोग अजीब बातें कह रहे थे। फिर मैंने एक कमेंट देखा जिसमें लिखा था कि मेरे पति



मुझे ऐसी तस्वीर पोस्ट करने कैसे देते हैं। मेरे पति ने ही मेरी वह तस्वीर खींची थी। शिखा सिंह ने आगे कहा, %मैंने कुछ और कमेंट्स पढ़े और फिर सोचा कि लोगों के पास बोलने को कुछ न कुछ होगा, और एक कलाकार होने के नाते मुझे मानसिक रूप से ऐसी चीज के लिए तैयार रहना चाहिए। मैं अपनी बच्ची को ऐसी जगह पर बड़ा करना चाहती हूं जहां कोई रुकावट न हो। कुछ लोग कहते हैं कि यह हमारी संस्कृति नहीं है, लेकिन हम बड़े तो अपनी मां के हमें ब्रेस्टफीड करने से ही हुए हैं न। यह बिल्कुल नॉर्मल है, तो इसमें इतना बुरा मानने वाली क्या बात है?





## अश्लील साइट पर मेरी फोटो डालने वाले अब दे रहे धमकी– ऐक्ट्रेस ने दर्ज कराई शिकायत

नई दिल्ली। बंगाली टीवी एक्ट्रेस प्रत्युषा पॉल ने को कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ उन्हें सोशल मीडिया पर दुष्कर्म की धमकी देने और अश्लील वेबसाइटों पर उनकी कुछ मॉर्फ्ड तस्वीरें अपलोड करने का आरोप लगाया। प्रत्युषा ने अपनी शिकायत शनिवार को साइबर सुरक्षा विभाग में दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि उन्होंने चांज शुरू कर दी है। इस पूरे मामले को लेकर प्रत्युषा पॉल ने कहा, %यह मेरे साथ पिछले एक साल से हो रहा है। शुरुआत में मैंने ऐसी धमकियों को नजरअंदाज किया, लेकिन अब ये सब कंट्रोल से बाहर जा रहा हैं और मैंने इसकी शिकायत पुलिस में की है। ऐसी धमकियां देने वाले लोगों को जब मैं सोशल मीडिया पर ब्लॉक कर देती हूं तो ये लोग नियमित रूप से अपना अकाउंट बदलते रहते हैं और मुझे दुष्कर्म की धमकी देते हैं।

### अश्लील वेबसाइट पर डाली तस्वीरें


एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि, ऐसे लोगों ने मेरी मॉर्फ्ड तस्वीरें अश्लील वेबसाइटों पर डाल दीं और उन्हें मेरी मां और दोस्तों को भी भेज दिया। यह मेरे लिए चिंता का विषय है।

### श्रुति दास को भी मिली थी धमकी

हाल ही में, बंगाली टेलीविजन की एक और लोकप्रिय अभिनेत्री ने ऑनलाइन ट्रोल्स के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अभिनेत्री श्रुति दास ने आरोप लगाया कि करीब दो साल से वह अपनी त्वचा के रंग के कारण उत्पीड़न का सामना कर रही हैं। अभिनेत्री, जो वर्तमान में देशेर माटी% में मुख्य भूमिका निभा रही है, ने अपनी आवाज उठाने का फैसला किया। पुलिस ने उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।


### प्रत्युषा ने निभाया मां लक्ष्मी का किरदार

वहीं प्रत्यूषा के बारे में बात करें तो अभिनेत्री बंगाली टेलीविजन का एक लोकप्रिय चेहरा हैं। प्रत्युषा ने काफी कम उम्र में ही शोबिज में कदम रखा था। उन्होंने पौराणिक शो %एसो मा लोकखी% में देवी लक्ष्मी की भूमिका निभाकर बंगाली घराने में अपनी जगह बनाई। %तोबू मोने रेखा% में उनके प्रदर्शन, जिसमें फरहान इमरोज़ और पायल डे ने भी अभिनय किया, को दर्शकों ने सराहा था सराहना। उन्हें आखिरी बार %गुरिया जेखाने गुड्डु सेखाने% में मुख्य भूमिका निभाते हुए देखा गया था। उनके अपोजिट अभिनेता जीतू कमल थे।



## कमेंट कर बुरे फंसे राज अनादकट





### तारक मेहता का उल्टा चश्मा- मुनमुन दत्ता की पोस्ट पर कमेंट कर बुरे फंसे राज अनादकट, यूजर्स ने लगाई क्लास

मुनमुन दत्ता का हालिया इंस्टाग्राम वीडियो और उस पर राज अनादकट का कमेंट करना यूजर्स को अच्छा नहीं लगा है।तारक मेहता का उल्टा चश्मा काफी पॉपुलर टीवी शो है। 13 सालों से सीरियल दर्शकों को हंसा रहा है। तारक मेहता की बबीता जी उर्फ मुनमुन दत्ता अपनी खुबसूरती के लिए जानी जाती है। सोशल मीडिया पर अक्सर अपने फोटोज और वीडियों से फैंस के दिलों में आग लगाती हैं। मुनमुन की अधिकांश की तस्वीरें बेहद बोल्ड होती हैं। वहीं सीरियल के टप्पू उर्फ राज अनादकट और मुनमुन काफी अच्छे दोस्त हैं। हालांकि अब ऐसा लगता है कि मुनमुन दत्ता का हालिया इंस्टाग्राम वीडियो और उस पर राज का कमेंट करना यूजर्स को अच्छा नहीं लगा है। दरअसल मुनमुन दत्ता ने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर किया है। जो काफी वायरल हो रहा है। राज ने दत्ता के पोस्ट पर फायर इमोजी कमेंट की। हालांकि अब उन्हें इसके लिए लोगों आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कई फैंस ने अनादकट के कमेंट पर टिप्पणी की है। एक यूजर ने लिखा है कि वह भाई आंटी पटा ली। एक अन्य ने लिखा है, %ना खून खराबा न शोर शरबा आंटी पटना का फायदा है।% कई लोगों ने राज से पूछा कि क्या वह मुनमुन को डेट कर रहे हैं। हालांकि कुछ फैंस ने भी राज और मुनमुन के सपोर्ट में खड़े होकर ट्रोल्स को इग्नोर करने को कहा। यह भी पहली बार नहीं है जब राज ने मुनमुन की पोस्ट पर कमेंट किया है। वे अक्सर वीडियो शेयर करते हैं और एक-दूसरे की पोस्ट पर कमेंट करते हैं।



# अब विदेश नहीं भाग सकते असरानी दंपत्ति

## बैंकों से नहीं कर सकते लेनदेन

**जबलपुर,यशभारत। ग्वारीघाट में रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट सतीश चंद्र के साथ 1करोड 80 लाख की जालसाजी करने वाले असरानी दंपत्ति के शहर छोड़ने के अरमानों पर अब पानी भर गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एक पत्र पासपोर्ट अथॉरिटी को भेजकर जालसाज दंपत्ति के बाहर जाने पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही इन दोनों के बैंक खातों को भी सीज कर दिया गया है। इसके चलते अब यह जालसाज दंपत्ति बैंकों से ट्रांजैक्शन नहीं कर सकते है।**

विदित हो यशभारत द्वारा जालसाज दंपत्ति द्वारा शहर छोड़ने की कोशिश की खबर शनिवार को प्रकाशित की गई थी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्परता दिखाते हुए पासपोर्ट अथॉरिटी कोएक पत्र भेजकर बताया गया कि दंपत्ति पर ओमती थाने में 16 जनवरी 2021


यश भारत
1 करोड़ 80 लाख डकारने वाले असरानी दंपत्ति अब शहर छोड़ने की फिराक में
फरारी के दौरान कई जमीन को बेच चुके हैं पति-पत्नी
यश भारत
लाखों हड़पे, खुलेआम घूम रहे असरानी दंपति

को 420.406 एवं 34 धोखाधड़ी का केस दर्ज है और प्रकरण दर्ज होने के बाद उक्त दंपत्ति और उसका बेटा फरार है। बावजूद इसके इनके द्वारा अपना स्थाई संपत्तियां भेजना जारी रखा था । बताया गया कि जालसाज परिवार ने मोहनिया नयागांव में अपना स्थाई संपत्तियों को बेचा है।

### ये है मामला

2018 में सतीश चंद्र पोद्दार द्वारा संपत्ति के विक्रय का सौदा मेसर्स कैट्स नामक फर्म से हुआ था एवं इस संबंध में कुछ अग्रिम राशि उन्हें प्राप्त हुई थी। तत्पश्चात कंपनी के संचालक श्रीमती हर्षा असरानी एवं राम असरानी द्वारा उनकी संपत्ति बेचने का सौदा 1करोड 80 लाख रुपए में तय किया गया। शर्त के अनुसार श्री पोद्दार को पूरा पैसा एक बार में देकर रजिस्ट्री करवानी थी। अत: उन्होंने एक करोड़ 70 लाख 45 हजार रुपए असरानी दंपत्ति के बतलाए कंपनी के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। काफी दिनों के बाद भी उनके द्वारा रजिस्ट्री नहीं करवाई गई और उन्हें झूठे आश्वासन मिलते रहे बाद में जब पता चला कि उक्त दंपति ने रागा फिनवेस्ट नाम से ही एक पार्टनरशिप फर्म बनाई हुई है और उस फर्म का अकाउंट नंबर देकर धोखे से उसमें पैसे ट्रांसफर करवा लिए गए हैं। विवाद बढ़ने पर असरानी दंपत्ति द्वारा उन्हें लगातार धमकियां मिलनी शुरू हो गई। मामले की शिकायत श्री पोद्दार द्वारा ओमती थाने में की गई।

## पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने पासपोर्ट अथॉरिटी को लिखा पत्र

# गुंडा बनने के चक्कर में 7 हजार का ईनामी बदमाश बन गया भिखारी

## दो लोगों को चाकू मारकर फरार हुआ आरोपी अमरकंटक में मांग रहा था भीख

**जबलपुर, यशभारत। एक साल पहले दो लोगों को चाकू मारकर गुंडा बनने की शुरूआत करने वाले बदमाश की हालात इतनी खराब हुई कि उसे भिखारी बनना पड़ा। शहर से वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अमरकंटक में फरारी काट रहा था और वहां भीख मांगकर गुजर-बसर कर रहा था। कल जब वह ग्वारीघाट पहुंचा तो पुलिस ने उसे दबोच लिया।**



आरोपी पर पुलिस ने 7 हजार का ईनाम घोषित किया था। थाना गोहलपुर पुलिस ने बताया कि 14 दिसंबर 2020 को छोटा फुहारा स्थित बीएसएनएल ऑफिस के पास अंकित विश्वकर्मा की जलेबी दुकान के सामने मुकेश दुबे 40 वर्ष जो कि नगर निगम में काम करता है पर जलेबी उधार लेने की बात पर बधैया मोहल्ला निवासी नीलू उर्फ नीलेश गोस्वामी ने गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये किसी नुकीली चीज से हमला कर मुकेश दुबे की पसली में चोट पहुंचा दी थी। रिपोर्ट पर थाना गोहलपुर में अपराध क्रमांक 843/2020 धारा 324,294,506, भादवि का कायम कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान 14 दिसंबर 2020 को ही रात लगभग 10-15 बजे शुभम डेरी संचालक सौरभ अग्निहोत्री निवासी धोबी मोहल्ला पर दूध के लेन-देन की बात को लेकर नीलू गोस्वामी गालीगलौज कर सौरभ अग्निहोत्री पर चाकू से हमला कर पेट एवं पसली मे चोट पहुंचाकर भाग गया। सौरभ अग्निहोत्री को दोस्तों द्वारा जबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था । रिपोर्ट पर थाना गोहलपुर में नीलू गोस्वामी के विरूद्ध धारा 307 ,294 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर निलेश गोस्वामी की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर दबिश दी गई, जिसके पकडे न जाने पर पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) द्वारा 7 हजार रुपए का ईनाम उद्घोषित करते हुये आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया । 11 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि गोहलपुर के उपरोक्त दोनों प्रकरणों में फरार आरोपी नीलू गोस्वामी ग्वारीघाट आया हुआ है। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना गोहलपुर की संयुक्त टीम द्वारा ग्वारीघाट में दबिश देते हुये नीलू उर्फ नीलेश गोस्वामी पिता रामजी गोस्वामी को अभिरक्षा में लेते हुये थाना गोहलपुर लाया गया पूछताछ पर घटना के बाद अमरकंटक भाग जाना एवं अमरकंटक में रहकर भिक्षावृत्ति कर जीवन यापन करते हुए ग्वारीघाट आना बताया। पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त करते हुये आरोपी निलेश गोस्वामी को दोनों प्रकरणों में विधिवत गिरफ्तार कर मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**ग्वारीघाट आते ही पुलिस ने दबोचा**

### इनकी रही उल्लेखनीय भूमिका

- हत्या के प्रयास एवं मारपीट के प्रकरण में फरार 7 हजार रुपए के ईनामी आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी गोहलपुर आर.के. गौतम के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक रामसनेह शर्मा, प्रधान आरक्षक हरिशंकर गुप्ता, आरक्षक अजीत पटेल, राजेश केवट, अनिल शर्मा, सायबर सेल के आरक्षक राजेश शर्मा, थाना गोहलपुर के उप निरीक्षक राजेश पाण्डे, प्रधान आरक्षक यशवंत एवं आरक्षक प्रवीण की सराहनीय भूमिका रही।

# बहू का इलाज कराके घर लौट रही सास से लूट

## बाइक सवार लुटेरा बैग छीनकर फरार हुआ

जबलपुर, यशभारत। घमापुर में दिन दहाड़े ऑटो में बैठी एक महिला को लूट लिया गया। महिला अपनी बहू का इलाज कराके विक्टोरिया से घर लौट रही थी। इधर पनागर थाने में गढ़ा निवासी दो युवकों ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घमापुर के गोपाल होटल के पास बाइक सवार लुटेरा ऑटो सवार महिला का बैग छीन कर फरार हो गया। पीड़ित ओमकला मंदिर के आगे टेस्टिंग रोड निवासी अरुणा धामन ने बताया कि वह विक्टोरिया अस्पताल से इलाज कराकर बहू ज्योति के साथ ऑटो से घर लौट रही थी। गोपाल होटल के पास भीड़ अधिक होने की वजह से ऑओ धीमा चल रहा था। तभी एक बाइक सवार लुटेरा आया और ऑटो से सटाकर चलने लगा। उसने अचानक झपट्टा मारकर बहू ज्योति का बैग छीन कर भाग गया। बैग में एक मंगलसूत्र, मोबाइल और कुछ रुपए थी। आरोपी की उम्र 22-23 वर्ष के लगभग रही होगी। वह हाफ पैंट व शर्ट में था और बाइक की नंबर प्लेट मुड़ी हुई थी। घमापुर पुलिस ने लूट के इस प्रकरण में चोरी का मामला दर्ज किया है।



## गढ़ा के दो युवकों से पनागर में हुई लूट

### तीन युवकों ने बाइक अड़ाकर लूटा था

पनागर थाने में 10 जुलाई को नवनिवेश कॉलोनी गंगा नगर निवासी बलराम पांडे और रमेश पाठक ने लूट का मामला दर्ज कराया। दोनों मार्केटिंग का काम करते हैं। नौ जुलाई की रात वे सतना से बाइक से लौट रहे थे। रात 10.15 बजे के लगभग दोनों कुसनेर पुलिया के पास पहुंचे थे। तभी सामने से एक बाइक पर तीन युवक आए। तीनों ने दोनों को रोक लिया। आरोपियों में एक ने उनकी बाइक की चाबी निकाल ली। तीनों ने इसके बाद धमका कर उनके दो मोबाइल और दो हजार रुपए छीन कर तेजी से भाग निकले।

# जबलपुर में कल से लगेगी स्पूतनिक-वी वैक्सीन

## 1145 रुपए में लगवा सकते हैं पहला डोज, दूसरा डोज 21 दिन बाद




जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश में इंदौर और भोपाल के बाद जबलपुर में भी स्पूतनिक-वी वैक्सीन सोमवार से लगेगी। वैक्सीन लगाने के लिए आपको कोविन एप से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा कर स्लॉट बुक कराना होगा। इसके बाद तय समय पर अस्पताल पहुंचकर 1145 रुपए जमा करके वैक्सीन की पहली डोज लगवा सकेंगे। वैक्सीन की दूसरी डोज 21 दिन बाद लगवा सकते हैं, इसके लिए भी 1145 रुपए ही लगेंगे। जबलपुर वैक्सीनेशन अधिकारी डॉक्टर शत्रुघ्न दाहिया ने बताया कि विजय नगर स्थित शैल्बी प्राइवेट अस्पताल को 1200 स्पूतनिक-वी डोज आवंटित हुआ है। शनिवार को ही इसकी खेप आई है। अस्पताल को वैक्सीनेशन सेंटर के तौर पर कोविन पोर्टल पर जोड़ा जा रहा है। जल्द ही पोर्टल पर वैक्सीन की उपलब्ध विकल्प के रूप में स्पूतनिक-श् का नाम भी दिखने लगेगा। इस वैक्सीन की एफीकेसी (प्रभाव) 91प्रतिशत से ज्यादा है। वैक्सीन लगवाने पर साइड इफेक्ट के तौर पर हल्का बुखार आ सकता है। कल से जबलपुर के शैल्बी अस्पताल में भी स्पूतनिक-वी लगेगी।

# नारियल फोड़कर आई एस बी टी परिसर में पौधा रोपण की शुरुआत

## आज एक दिन में 300 से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाए गए

**जबलपुर।** बारिश के मौसम में शहर को हरा-भरा रखने के लिए नगर निगम द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। निगमायुक्त संदीप जी आर के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में पौधे रोपे जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में निगमायुक्त संदीप जी आर ने आईएसबीटी परिसर में नारियल फोड़कर पौधारोपण की शुरुआत की। इस अवसर पर पौधे रोपते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम के अधिकारियों से भी आगे आकर काम करने का आह्वान किया है। निगमायुक्त संदीप जी आर की उपस्थिति में आज एक दिन में ही 300 से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि वृक्षों से हमें प्राकृतिक ऑक्सीजन मिलता है अत: पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बारिश के मौसम में शहर के अनेक क्षेत्रों में सघन और व्यापक रूप से वृक्षारोपण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि डुमना, मदन महल पहाड़ी से खाली हुई भूमि, आईएसबीटी परिसर के साथ-साथ शहर के अनेक क्षेत्रों में व्यापक रूप से वृक्षारोपण कराने की कार्य योजना तैयार की गई है जिसके अंतर्गत नियमित रूप से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पौधे रोपकर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने की पहल की जा रही है। आज वृक्षारोपण के अवसर पर सीओ सचिन विश्वकर्मा, उद्यान अधिकारी आदित्य शुक्ला आदि उपस्थित थे।


निगमायुक्त संदीप जी आर ने रोपे पौधे



# पनागर में वारदात लाखों की चोरी पुलिस बता रही है एक लाख

# किसान के घर दिन दहाड़े चोरी

**जबलपुर, यशभारत। पनागर में चोरी की घटनाएं दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। पनागर के कालाडूमर गांव में दिन दहाड़े एक किसान के घर में चोरों ने धावा बोलते हुए 14 तोला सोना,95 तोला चांदी और नगदी में हाथ साफ कर दिया। हालांकि पनागर पुलिस पुलिस पूरी चोरी को सिर्फ 1 लाख की बता रही है।**

जानकारी के अनुसार कालाडूमर निवासी मुकेश पटेल अपने परिवार के साथ धान का रोपा लगाने खेत गया हुआ था। घर में कोई नहीं था इसी का फायदा उठाकर चोरों ने धावा बोल दिया और सोने-चांदी के जेवरातों में हाथ साफ कर दिया। पनागर थाना प्रभारी आरके सोनी ने बताया कि कालाडूमर गांव में हुई चोरी की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे तो मुकेश पटेल ने बताया कि उसके घर में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी जेवरात और नगद रूपयों में हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान किसान से सोने-चांदी आभूषणों की रसीद देने को कहा तो किसान किसी भी जेवरात की रसीद नहीं दे पाया। पुलिस ने अपनी प्रारंभिक जांच में पाया है कि किसान के घर में करीब 1 लाख की चोरी हुई है।

**14 तोला सोना, 95 तोला चांदी और नगदी ले उड़े चोर**

### रिटायर्ड बैंक अधिकारी के घर में चोरी

यादव कॉलोनी विवेकानंद वार्ड निवासी संतोष कुमार मिश्रा बैंक से रिटयरर अधिकारी है। अपने परिवार के साथ रीवा एक शादी में गए हुए थे इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर में धावा बोल दिया और चांदी के सिक्के, पायल, और नगदी 7 हजार पर हाथ साफ कर दिया।

# युवती ने जहर खाया, किशोरी व वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर,गोहलपुर और अधारताल क्षेत्र में युवती, किशोरी और वृद्ध ने आत्महत्या कर ली। युवती और किशोरी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां दोनों ने दम तोड़ दिया। वहीं वृद्ध अपनी बीमारी से परेशान होने के कारण उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं पनागर क्षेत्र की निरंदपुर निवासी प्रतीक्षा चौहान ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। उसे 9 जुलाई की दोपहर में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी शनिवार को मौत हो गई। कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं बेनी सिंह की तलैया गोहलपुर निवासी अल्फी अंजुम (16) ने नौ जुलाई को घर में दुपट्टे का फंदा लगाकर झूल गई थी। परिजन उसे फंदे से उतार कर बेहोशी की हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी शनिवार को मौत हो गई।

## 16 साल की किशोरी को सांप ने काटा, मौत

**जबलपुर, यशभारत।** बेलखेड़ा सुंदरादेही निवासी 16 साल की किशोरी को सांप के काटने से मौत हो गई। किशोरी मां के साथ रिश्तेदारी में बम्होरी तारादेही गई हुई थी जहां उसे सांप ने काट लिया। थाना बेलखेड़ा में सुबह लगभग 10 बजे श्याम सिंह लोधी 42 वर्ष निवासी सुंदरादेही ने सूचना दी कि आज से 5 दिन पूर्व उसकी बच्ची विनीता लोधी उसकी मां बोती बाई के साथ मेहमानी में ग्राम बम्होरी तारादेही गयी थी। 11 जुलाई की सुवह लगभग 4 बजे उसके बहनोई जवाहर सिंह ने फोन पर बताये कि विनीता को रात मे सर्प ने काट लिया है मौके पर त्वरित इलाज न मिल पाया और उसकी मौत हो गई।

# कार से उतरा शराबी और इंजीनियरिंग छात्र को घोंप दिया चाकू

## दोस्त न बचाते तो युवक की चली जाती जान

जबलपुर, यशभारत। बटालिया अस्पताल के पास देररात उस समय भगदड़ की स्थिति बन गई जब एक शराबी कार चालक ने रोड किनारे खड़े युवक पर चाकुओं से दनादन हमला करना शुरू कर दिया। युवक के साथ खड़े दोस्तों ने बीच बचाव करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर कार चालक शराबी युवक को गिरफ्तार करते हुए घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। कैंट पुलिस ने बताया कि डॉक्टर बटालिया के पीछे ओमती निवासी 21 वर्षीय संवेग शांडिल्य जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई करता है कल रात में संवेग अपने दोस्तों के साथ सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहा था रात में करीब 9:15 बजे रामपुर सत्यानंद विहार निवासी जॉन्स मसीह नशे की हालत में अपनी कार से वहां पहुंचा और कार रोककर खड़ा हो गयो इसी दौरान किसी बात को लेकर संवेग और जॉन्स के बीच कहासुनी होने लगी विवाद के दौरान जॉन्स ने अपने पास रखा धारदार चाकू निकाला और संवेग के पेट में घोंप दियो इसके बाद फिर चाकू मारा इसके बाद युवक ने अपने हाथ से चाकू पकड़ लिया। युवक संवेग पर हमला होता देख उसके साथियों ने बीच-बचाव किया और पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल संवेग शांडिल्य को अस्पताल पहुंचाते हुए हमलावर जॉन्स मसीह को हिरासत में ले लिया है।

# अंतिम दिन आए 20 नामांकन

## मप्र ओलंपिक संघ के चुनाव निर्विरोध होने की संभावना

जबलपुर। मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के चुनाव को लेकर प्रक्रिया जारी है वहीं आज नामांकन की अंतिम तिथि थी जिसमें 20 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बीएसपी सिंह एवं अतिरिक्त चुनाव अधिकारी एड.संजय शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए के लिए 1, सचिव के लिए 1, कोषाध्यक्ष के लिए 1, सह सचिव के लिए 6 कार्यकारिणी सदस्य के लिए 11 नामांकन दाखिल हुए। सिर्फ उपाध्यक्ष पद के लिए 9 पदों की जगह 10 नामांकन आए। कयास लगाए जा रहे हैं कि इसमें समझौता हो जाएगा और 18 जुलाई को होने वाली चुनाव औपचारिकता बनकर रह जाएगा।


स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध

आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध



मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना मुरमुरा
बोल्ड चना केला चिप्स
बोल्ड पीनट मसाला चना
ड्राय मेल चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
प्रवेश प्रारंभ
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल,
अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
- शत् प्रतिशत रिज़ल्ट
- कोर्स पूरा होते ही जॉब
- अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
- उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
- कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल
- बस सुविधा
- हिंदी मीडियम के छात्र-छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा

अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
☎ 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)